कार्तिक शुक्ल - 9 · संवत 2081 · वर्ष - 20 · अंक - 106 · पृष्ठ - 8 · रु. 5/- · बेंगलूरु » रविवार » 10-11-2024 · www.dakshinbharat.com · Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 नोटबंदी और जीएसटी किसानों तथा मजदूरों को खत्म करने के हथियार : राहुल गांधी

6 सूबेदार जगत बहादुर घाले: एलओसी पर ही कर दिया लश्कर के 6 आतंकियों का खात्मा

7 कांग्रेस कंस के समान, हमेशा सनातन संस्कृति का विरोध किया : मोहन यादव



## फर्स्ट टेक

### सोपोर में हुई मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के सोपोर इलाके में शनिवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कश्मीर संभाग की पुलिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा, ''बारामूला के रामपोरा सोपोर इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने पर कार्रवाई करते हुए पुलिस और सुरक्षा बलों ने संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया गया। तलाशी अभियान के दौरान, गोलीबारी हुई।'' पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ की विस्तृत जानकारी का इंतजार है। हालांकि, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने पहचान गुप्त रखते हुए बताया कि मुठभेड़ के दौरान एक आतंकवादी मारा गया है।

### हमास और इजराइल के बीच मध्यस्थता प्रयासों को स्थगित करने का कतर ने निर्णय लिया

**देर-अल-बला (गाजा पट्टी)/एपी।** कतर ने हमास और इजराइल के बीच अपने प्रमुख मध्यस्थता प्रयासों को स्थगित करने का निर्णय लिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि यदि दोनों पक्ष गाजा में युद्ध पर समझौते पर पहुंचने के लिए ''गंभीर राजनीतिक इच्छा'' प्रदर्शित करते हैं, तो कतर द्वारा प्रयास जारी रखने की पूरी संभावना है। एक राजनयिक सूत्र ने बताया कि इस निर्णय के बाद इजराइल और हमास के साथ-साथ अमेरिका को भी सूचित कर दिया गया है। सूत्र ने कहा कि ''इसके परिणामस्वरूप, हमास का राजनीतिक कार्यालय अब कतर में अपना उद्देश्य पूरा नहीं कर रहा है।''

### कनाडा ने त्वरित वीजा कार्यक्रम समाप्त किया

**ओटावा/भाषा।** कनाडा ने एक बड़ा नीतिगत फैसला करते हुए अपने लोकप्रिय त्वरित अध्ययन वीजा कार्यक्रम-एसडीएस को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है जिसका भारत सहित कई अंतरराष्ट्रीय छात्रों पर असर पड़ने की आशंका है। वर्ष 2018 में शुरू किए गए 'स्टूडेंट डायरेक्ट स्ट्रीम' (एसडीएस) के तहत आवेदन करने वाले छात्रों को वीजा जारी करने की प्रक्रिया में काफी कम समय लगता था तथा उनके वीजा की स्वीकृति की दर अधिक थी। कनाडा द्वारा शुक्रवार को इस योजना को समाप्त किए जाने के बाद इसमें बदलाव आएगा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सितंबर में 'एक्स' पर लिखा था, ''हम इस साल 35 प्रतिशत कम अंतरराष्ट्रीय छात्र परमिट दे रहे हैं और अगले साल यह संख्या 10 प्रतिशत और कम हो जाएगी।'' उन्होंने कहा था, ''आव्रजन हमारी अर्थव्यवस्था के लिए फायदेमंद है – लेकिन जब बुरे लोग प्रणाली का दुरुपयोग करते हैं और छात्रों का फायदा उठाते हैं, तो हम उन पर कार्रवाई करते हैं।''

### किसान नेताओं की संपत्तियों की जांच की जाए : केंद्रीय मंत्री बिट्टू

**चंडीगढ़/भाषा।** केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने शनिवार को किसान नेताओं की जमीन और अन्य संपत्तियों की जांच की मांग की। उन्होंने दावा किया कि उनमें से कई या तो 'आढ़तिया' या चावल मिल मालिक हैं। मंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए किसान नेताओं पर निशाना साधा और दावा किया कि आम किसान उनकी पार्टी के खिलाफ नहीं है।

| | |
|---|---|
| 10-11-2024 सूर्यास्त 5:50 बजे | 11-11-2024 सूर्योदय 6:16 बजे |
| BSE 79,486.32 (-55.47) | NSE 24,148.20 (-51.15) |
| सोना 8,172 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 93,600 रु. प्रति किलो |

## संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करना कुछ लोगों का शगल : उप राष्ट्रपति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करना और लोगों को उपदेश देना तेजी से एक 'शगल' बनता जा रहा है।

धनखड़ ने कहा कि यहां तक कि वे भी जो ''राजनीतिक क्षेत्र में संवैधानिक रूप से अहम हैं'' ''सभी को उपदेश दे रहे हैं और हमारी संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम कर रहे हैं।



उप राष्ट्रपति ने यहां एक शैक्षणिक संस्थान के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अब इसे समाप्त करने का समय आ गया है। उप राष्ट्रपति ने शैक्षिक तंत्र को मजबूत करने में पूर्व छात्रों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी बात की। उन्होंने पूर्व छात्रों से अपने-अपने संगठनों में सक्रिय भागीदारी और योगदान का आग्रह किया। उन्होंने कहा, किसी संस्थान के पूर्व छात्र कई मायनों में उसकी जीवन रेखा होते हैं... मैं पूर्व छात्र निधि बनाने का पुरजोर आग्रह करता हूं। वार्षिक योगदान देना बहुत महत्वपूर्ण है। विश्व स्तर पर कुछ बेहतरीन संस्थान उन्नति की ओर अग्रसर हैं, क्योंकि ये संस्थान पूर्व छात्रों की ऊर्जा से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि व्यवसाय और वाणिज्य, व्यापार और उद्योग जगत से जुड़े संगठनों को भी वित्तीय योगदान के माध्यम से अनुसंधान और नवन्मेष को बढ़ावा देने के लिए आगे आना चाहिए।

## पाकिस्तान झूठ फैलाने से बाज आए, इससे तथ्य नहीं बदलेंगे : भारत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**संयुक्त राष्ट्र/भाषा।** संयुक्त राष्ट्र में शांति रक्षा अभियानों पर बहस के दौरान पाकिस्तान द्वारा जम्मू कश्मीर का जिक्र किए जाने पर भारत ने पड़ोसी देश पर ''झूठ'' फैलाने का आरोप लगाते हुए उसकी आलोचना की।



राज्यसभा सदस्य और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, भारत ने पाकिस्तान द्वारा की गईं टिप्पणियों पर जवाब देने के अपने अधिकार को चुना है, जिसने एक बार फिर इस प्रतिष्ठित निकाय को अपने एजेंडे से भटकाने का प्रयास किया है। उन्होंने शुक्रवार को यहां संयुक्त राष्ट्र महासभा की विशेष राजनीतिक एवं वि-उपनिवेशीकरण (चौथी समिति) में शांति रक्षा अभियानों पर चर्चा के दौरान ये टिप्पणियां कीं।

त्रिवेदी ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर ''भारत का अभिन्न अंग था, है, और हमेशा रहेगा। उन्होंने कहा, जम्मू कश्मीर के लोगों ने हाल में अपने लोकतांत्रिक और चुनाव अधिकारों का इस्तेमाल किया तथा एक नई सरकार चुनी। पाकिस्तान को ऐसी बयानबाजी और झूठ से बाज आना चाहिए क्योंकि इससे तथ्य नहीं बदलेंगे।

## अब राजग के साथ स्थायी रूप से रहूंगा : नीतीश



**तरारी(बिहार)/भाषा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से हाथ मिला कर उन्होंने अतीत में ''दो बार गलती की'' लेकिन अब वह स्थायी रूप से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ ही रहेंगे।

तरारी विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए राजग उम्मीदवार एवं भाजपा के विशाल प्रशांत के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा, ''मैंने पहले भी कहा है...मैं एक बार फिर कह रहा हूं कि हम (भाजपा-जदयू) पहले भी साथ थे। मैंने राजद से हाथ मिलाकर दो बार गलती की...मैं पहले दो बार इधर-उधर गया...लेकिन अब मैं फिर से राजग में आ गया हूं। मैं स्थायी रूप से राजग के साथ ही रहूंगा।''

## युद्ध खत्म करने के लिए ट्रंप का प्रस्ताव सुनने को तैयार रूस

**कीव/एपी।** रूस के उप विदेश मंत्री ने कहा है कि उनका देश यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रस्तावों को सुनने के लिए तैयार है। इस बीच, यूक्रेन के शहर ओडेसा में एक रूसी ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। वहीं, यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख ने अमेरिका में नेतृत्व परिवर्तन के बाद यूक्रेन को समर्थन देने के लिए कीव में वार्ता की। रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने कहा कि मॉस्को और वाशिंगटन, रूस-यूक्रेन युद्ध पर गोपनीय माध्यम से बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह संवाद बाइडन प्रशासन या ट्रंप और उनके आगामी प्रशासन के सदस्यों के साथ था।



## पाकिस्तान में क्वेटा रेलवे स्टेशन पर विस्फोट में 27 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद/कराची/भाषा।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में एक रेलवे स्टेशन पर शनिवार को हुए बम विस्फोट में 14 सुरक्षा बलों सहित कम से कम 27 लोग मारे गए और 62 अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह विस्फोट प्रांतीय राजधानी क्वेटा के रेलवे स्टेशन पर उस समय हुआ जब यात्री पेशावर जाने वाली जाफर एक्सप्रेस के निर्धारित प्रस्थान से पहले प्लेटफॉर्म पर एकत्र हुए थे। विस्फोट के समय प्लेटफॉर्म पर करीब 100 लोग मौजूद थे। 'क्वेटा ट्रॉमा सेंटर' के डॉक्टर वसीम बेग ने कहा, अभी तक हमें 27 शव प्राप्त हुए हैं और कम से कम 62 लोग घायल हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दावा किया

# कांग्रेस को ओबीसी से नफरत

## देश का नेतृत्व ओबीसी व्यक्ति के हाथों में स्वीकार नहीं करती कांग्रेस : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नांदेड़/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दावा किया कि कांग्रेस ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) से नफरत करती है, क्योंकि वह इस तथ्य को स्वीकार नहीं कर सकती कि पिछड़े वर्ग का एक व्यक्ति देश के शीर्ष पर है। उन्होंने 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव और नांदेड़ लोकसभा उपचुनाव के लिए सत्तारूढ़ 'महायुति' उम्मीदवारों का समर्थन में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के बीच विभाजन कांग्रेस की राजनीति के अनुकूल है, लेकिन उनकी एकता के कारण वह अपना समर्थन आधार खो रही है। उन्होंने कहा, अगर दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग विभाजित हो जाते हैं तो यह कांग्रेस की राजनीति के अनुकूल है। इसकी योजना आपको विभिन्न समूहों और समुदायों में विभाजित करने की है।



**कांग्रेस पर हमला करते हुए मोदी ने दावा किया कि जवाहरलाल नेहरू से लेकर राजीव गांधी तक नेताओं ने लोगों को जाति के आधार पर बांटने और उन्हें आरक्षण से वंचित करने का प्रयास किया।**

मोदी ने कहा, कांग्रेस ओबीसी से नफरत करती है, क्योंकि वह इस तथ्य को पचा नहीं पाती कि एक ओबीसी समुदाय का कोई व्यक्ति दस साल से प्रधानमंत्री है और सबको साथ लेकर काम कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया, वे (कांग्रेस) ओबीसी समुदायों को छोटी जातियों में बांटना चाहते हैं और उनकी एकता की ताकत छीनना चाहते हैं। अगर ऐसा हुआ तो कांग्रेस आरक्षण छीन लेगी। उन्होंने कांग्रेस पर हमला करते हुए दावा किया कि जवाहरलाल नेहरू से लेकर राजीव गांधी तक नेताओं ने लोगों को जाति के आधार पर बांटने और उन्हें आरक्षण से वंचित करने का प्रयास किया। मोदी ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी(भाजपा), मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के 'महायुति' गठबंधन के पक्ष में लहर है और इसका लक्ष्य 'विकसित भारत' है। उन्होंने कांग्रेस के वसंत चव्हाण से भाजपा के प्रताप चिखलीकर की हार का संदर्भ देते हुए कहा, इसलिए भाजपा और उसके सहयोगियों को लोग बार-बार चुनते हैं। लोकसभा चुनाव में नांदेड़ ने हमें वोट नहीं दिया। मुझे उम्मीद है कि अब आप मुझे आशीर्वाद देंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हरियाणा चुनाव में भाजपा ने सबसे अधिक सीट जीतकर इतिहास रच दिया है और महाराष्ट्र की जनता भी इतिहास दोहराने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, पिछले दो महीनों में मैं महाराष्ट्र में जहां भी गया, मुझे यही महसूस हुआ कि लोकसभा चुनाव में जो कुछ नहीं हो सका, उसे विधानसभा चुनाव में ठीक कर लिया जाएगा। मोदी ने कहा, आज, हर किसी की जुबान पर एक ही नारा है, भाजपा-महायुति आहे, तार गति आहे।





**सहज कर अनुभव के लिए सटीक जानकारी सुनिश्चित करें।**

आयकर विभाग ई-सत्यापन योजना और विभिन्न ई-अभियानों के तहत स्वचालित प्रश्नों के माध्यम से करदाताओं से संपर्क करता है। परन्तु, पुरानी संपर्क जानकारी इन महत्वपूर्ण संदेशों को आप तक पहुँचने से रोक सकती है। असुविधा से बचने के लिए अपनी संपर्क जानकारी को अपडेट रखें।

**फायदे :**
- **समय पर सूचना प्राप्त करें:** टैक्स से जुड़ी सभी सूचनाएं समय पर प्राप्त करें।
- **जटिलताओं से बचें:** गलत या छूटी हुई जानकारी से अनावश्यक विवाद और टैक्स की मांग से बचें।
- **तुरंत PAN सुरक्षा अलर्ट पाएं:** अपने PAN के दुरूपयोग का तुरन्त पता लगाएं।

**कहाँ अपडेट करें :**
- इनकम टैक्स ई-फाइलिंग पोर्टल : https://eportal.incometax.gov.in/iec/foservices/#/dashboard
- UTIITSL पोर्टल : https://www.pan.utiitsl.com/panonline_ipg/forms/csfPan.html/csfPreForm

CBC 15401/13/0007/2425

*सहायता के लिए, ई-फाइलिंग पोर्टल हेल्पडेस्क से संपर्क करें: 91-20-27218080 या tininfo@nsdl.co.in पर ईमेल करें।*

*अपनी संपर्क जानकारी अपडेटेड रखें और सहज संचार सुनिश्चित करें!*

अंग्रेजी एड के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें


आयकर विभाग
केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड

अधिक जानकारी के लिए, www.incometax.gov.in पर जाएं।

अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

@IncomeTaxIndia · @incometaxindiaofficial · @incometaxindiaofficial · @incometaxindiaofficial · @Income Tax India Official

## सहज स्मृति योग



व्यक्ति के मन में जो आध्यात्मिक प्रश्न उठते हैं उनका इस स्तंभ में समाधान प्रस्तुत करने का काम कर रहे हैं गुरुजी श्री नंदकिशोर तिवारी। व्यक्ति की पृष्ठभूमि चाहे किसी भी मत, सम्प्रदाय, मज़हब से हो, सहज स्मृति योग का सरोकार मनुष्य के मात्र आत्मवान होने से है। इसलिए सहज स्मृति योग का ध्यान केवल जिज्ञासु के समाधान पर रहता है। आप भी अपनी जिज्ञासाएं guruji@darpanfoundation.com पर ईमेल या व्हाटस अप (9902912396) द्वारा भेज सकते हैं।

**प्रश्न:** मैं जिस पार्क में मॉर्निंग वॉक के लिए जाती हूँ, कई बार मैंने आपको भी वहीं टहलते हुए देखा है। एक भी बार मैंने आप को किसी मनुष्य तो क्या पेड़ पौधों की ओर भी देखते हुए नहीं देखा है। आप केवल नीचे देखकर ही चलते हैं और बड़ी तेज रफ़्तार से चलते हैं। क्या किसी से टकराते नहीं? जो भी ऐसे समय रास्ते में मिले उससे मुस्कुराते हुए मिलना इंसानी तहज़ीब है। फिर आप जैसे आध्यात्मिक व्यक्ति में भी यह मज़हबी दक़ियानूसी क्यों है ?

**उत्तर:** नीचे देखकर चलने से चलने में आसानी होती है।पर, आप सही कह रही हैं थोड़ा बहुत इधर उधर, आगे पीछे देखकर तो चलना ही चाहिए फिर भी मैं ऐसे क्यों चलता हूँ इसका कोई ख़ास या सोचा समझा कारण तो नहीं है। शायद यही कहना ठीक होगा कि आध्यात्मिक व्यक्ति को जब कोई ऐसा दिख जाता है जिसे देखने के साथ ही किसी को भी या कुछ को भी देखने की उसकी इच्छा हमेशा हमेशा के लिए पूरी बनी रहती है या रहती ही नहीं है, तब उस व्यक्ति का व्यवहार केवल घूमने टहलने भर में नहीं बल्कि हर जगह ऐसा हो ही जाता है। इसमें न तो क़ुदरत के नज़ारों को और ना ही उसके बंदों को नज़र अन्दाज़ करने की उसकी कोई मंशा रहती है।

# 'शाही परिवार' के लिए एटीएम बन गए हैं कांग्रेस शासित राज्य : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अकोला/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि जिस किसी राज्य में कांग्रेस की सरकार बनती है, वह (राज्य) पार्टी के 'शाही परिवार' के लिए एटीएम बन जाता है। मोदी ने 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के सिलसिले में अकोला में एक चुनाव प्रचार रैली को संबोधित करते हुए कहा, हम महाराष्ट्र को कांग्रेस का एटीएम नहीं बनने देंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए इतना भ्रष्टाचार करती है, तो व्यक्ति कल्पना कर सकता है कि सत्ता में आने के बाद यह पार्टी कितनी भ्रष्ट होगी। उन्होंने कहा, जिस किसी राज्य में कांग्रेस सरकार बनाती है, वह राज्य पार्टी के 'शाही परिवार' के लिए एटीएम बन जाता है। महाराष्ट्र चुनाव के लिए (कांग्रेस शासित) कर्नाटक में शराब कारोबार से 700 करोड़ रुपए तक की उगाही की गई है। तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश भी इस शाही परिवार के एटीएम बन गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि महायुति (महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन) का घोषणापत्र महिला सुरक्षा, रोजगार के अवसर, लाडकी बहिन योजना के विस्तार पर केंद्रित है, जबकि कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार की राकांपा वाला (गठबंधन) महा विकास आघाड़ी 'घोटाला पत्र' लेकर सामने आया है। उन्होंने कहा, पूरा देश जानता है कि एमवीए का तात्पर्य भ्रष्टाचार, टोकन मनी और तबादला-पदस्थापन कारोबार है।

कांग्रेस पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस के शाही परिवार को चुनौती दे रहे हैं कि वे साबित करें कि उन्होंने कभी डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पंचतीर्थ की यात्रा की है। मोदी ने आंबेडकर के जन्म स्थान महू, ब्रिटेन में अध्ययन के दौरान लंदन में उनके निवास, नागपुर में उनके बौद्ध धर्म अपनाने से संबंधित दीक्षा भूमि, दिल्ली में उनके 'महापरिनिर्वाण स्थल' और मुंबई में 'चैत्य भूमि' को दर्शाने के लिए 'पंचतीर्थ' शब्द का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा, वे बाबासाहब से इसलिए नफरत करते हैं क्योंकि वह दलित थे और उन्हें संविधान बनाने का श्रेय मिला था। बाबासाहब मेरे, भाजपा और मेरी सरकार के लिए प्रेरणास्रोत हैं।



# उत्तराखंड में रोजगार के पर्याप्त अवसरों के सृजन से पलायन को रोका जाएगा : धामी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**देहरादून/भाषा।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को कहा कि वह दिन अब दूर नहीं है जब रोजगार के पर्याप्त अवसरों का सृजन कर राज्य से पलायन की समस्या को समाप्त कर दिया जाएगा। धामी ने राज्य स्थापना दिवस के मौके पर यहां पुलिस लाइन में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तराखंड पर्यटन, कृषि, बागवानी और उद्योग समेत विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से प्रगति कर रहा है जिसके कारण व्यवसाय, स्वरोजगार और नौकरी के मौके बढ़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, वह दिन दूर नहीं जब हम रोजगार के अवसर बढ़ाकर राज्य से पलायन की समस्या को समाप्त कर सकेंगे। प्रधानमंत्री ने भी एक वीडियो संदेश के जरिये राज्य के लोगों को इस मौके पर शुभकामनाएं दीं। मोदी ने कहा कि उत्तराखंड में इस समय विकास का महायज्ञ चल रहा है। उन्होंने राज्य सरकार की सराहना करते हुए कहा कि सरकार द्वारा शुरू की गई नीतियां अन्य राज्यों के लिए आदर्श बन रही हैं। धामी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को याद किया जिनके कार्यकाल के दौरान नौ नवंबर, 2000 को उत्तराखंड एक अलग राज्य बना था। उन्होंने कहा, अटल जी ने उत्तराखंड के पूर्ण राज्य बनने के सपने को साकार किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड देश का अग्रणी राज्य बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।



# हिमाचल में गर्मायी समोसा राजनीति, भाजपा विधायक ने सुक्खू के लिए 11 समोसे ऑनलाइन आर्डर किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हमीरपुर/शिमला/भाषा।** हिमाचल प्रदेश में समोसा राजनीति के गर्माने के साथ ही एक भाजपा विधायक ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के लिए 11 समोसे 'ऑनलाइन आर्डर' किए हैं।

एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के लिए मंगाए गए समोसे चूकवश उनके सुरक्षाकर्मियों को खिला दिए जाने की घटना की सीआईडी जांच को लेकर राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए हमीरपुर के भाजपा विधायक आशीष शर्मा ने शनिवार को सोशल मीडिया पर यह जानकारी साझा की। वैसे कांग्रेस ने कहा कि राज्य सरकार ने ऐसी किसी जांच का आदेश नहीं दिया है और यह सीआईडी की अंदरूनी मामला हो सकता है। एक शीर्ष सीआईडी अधिकारी ने भी कहा कि इस घटना की औपचारिक जांच का आदेश नहीं दिया गया है। शर्मा ने फेसबुक पर पोस्ट किया, राज्य पहले ही बेरोजगारी, वित्तीय संकट, कर्मचारियों की पेंशन में देरी और डीए भत्ते के बकाया जैसी समस्याओं से जूझ रहा है, ऐसे समय में मुख्यमंत्री सुक्खू के लिए लाए गए समोसे पर सीआईडी जांच के आदेश देना बेहद निराशाजनक है। उन्होंने कहा कि जब इस पर्वतीय राज्य के लोग अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं तब सरकार को ऐसे छोटे मामलों के बजाय असली मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, इसी के विरुद्ध मैंने मुख्यमंत्री को 11 समोसे भेजे हैं ताकि मैं उन्हें याद दिला सकूं कि लोगों की असली समस्याओं का हल करना अधिक जरूरी है।

# राहुल गांधी 'अपरिपक्व', उनके नेतृत्व में कांग्रेस के आगे बढ़ने की संभावना नहीं : रीजीजू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पुणे/भाषा।** केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ''अपरिपक्व'' हैं, और विदेशों में भारत को बदनाम कर कोई भी नेता नहीं बन सकता।

रीजीजू ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि 'महायुति' गठबंधन 20 नवंबर के महाराष्ट्र चुनाव में आसानी से जीत हासिल करेगा क्योंकि कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष के ''फर्जी विमर्श'' काम नहीं करेंगे। महायुति में भाजपा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा शामिल हैं। कांग्रेस नेता द्वारा भाजपा पर लोगों को जाति और समुदाय के आधार पर बांटने का आरोप लगाए जाने के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह राहुल गांधी ही हैं जो अपने पूरे राजनीतिक करियर में ऐसे कृत्यों में लिप्त रहे हैं। रीजीजू ने दावा किया, अब, वह बेनकाब हो गए हैं। हाल में नागपुर में उनके द्वारा संबोधित एक रैली में, संविधान की प्रतियां वितरित की गईं, जिसके पन्नों पर एक शब्द भी नहीं लिखा था। इससे वह और भी बेनकाब हो गए हैं। राहुल अक्सर संविधान की प्रति दिखाते हुए आरोप लगाते हैं कि भाजपा संविधान बदलना और आरक्षण को खत्म करना चाहती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, मैं उनका सम्मान करता हूं क्योंकि वह (लोकसभा में) विपक्ष के नेता के संवैधानिक पद पर हैं।

# एआई एक्सप्रेस ने अधिक अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की योजना बनाई

**नई दिल्ली/भाषा।** एयर इंडिया (एआई) एक्सप्रेस छोटे शहरों और कस्बों को महानगरों से जोड़ने के साथ ही नए विदेशी गंतव्यों के लिए उड़ान भरने पर ध्यान केंद्रित करेगी। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एआई एक्सप्रेस ने कहा कि नेटवर्क विस्तार और समूह के साथ तालमेल से उसे बढ़त मिलेगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस में हाल में एआईएक्स कनेक्ट का विलय हुआ है। एयरलाइन के पास लगभग 90 विमानों का बेड़ा है और चालू वित्त वर्ष के अंत तक यह संख्या 110 को पार कर सकती है।

कंपनी का लक्ष्य मार्च, 2025 के अंत तक कुल 55 गंतव्यों के लिए उड़ान भरना है और इसने एयर इंडिया समूह की रणनीति के तहत अपने नेटवर्क को युक्तिसंगत भी बनाया है। अधिकारियों ने कहा कि घरेलू मार्गों को जोड़ने के अलावा, टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन थाईलैंड के बैंकॉक और फुकेट जैसे और विदेशी गंतव्यों के लिए उड़ानें शुरू करेगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रबंध निदेशक आलोक सिंह ने कहा कि एयरलाइन टियर-2 और टियर-3 शहरों और कस्बों पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा कि बाजार का सबसे बड़ा हिस्सा मेट्रो से लेकर गैर-मेट्रो तक है। सिंह ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कंपनी मुख्य रूप से टियर-2, टियर-3 शहरों से खाड़ी, पश्चिम-एशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया और फिर दक्षिण-एशिया से जोड़ेगी। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि एयरलाइन की नेटवर्क रणनीति समूह की नेटवर्क रणनीति के साथ गहराई से जुड़ी हुई है। टाटा समूह ने एआईएक्स कनेक्ट का एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ विलय कर दिया है और विस्तारा का एयर इंडिया के साथ विलय अगले सप्ताह पूरा होने वाला है। एयर इंडिया एक्सप्रेस के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी (सीसीओ) अंकुर गर्ग ने कहा कि बैंकॉक और फुकेट के लिए सेवाएं शुरू करने पर विचार किया जा रहा है।

# तेलंगाना में चुनावी वादे पूरे करने के राहुल और रेवंत के दावे झूठे : किशन रेड्डी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हैदराबाद/भाषा।** केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी और मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी द्वारा राज्य में किए गए चुनावी वादे पूरे नहीं किए जा रहे हैं।

उन्होंने तेलंगाना के यदाद्रि भुवनगिरि जिले में धान खरीद पर किसानों से बातचीत करने के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में अपने चुनाव अभियान के दौरान कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना में सत्ता में आने के बाद कांग्रेस के चुनावी वादों को लागू करने के बारे में बड़े-बड़े दावे किए थे। किशन रेड्डी ने कहा, राहुल गांधी जी क्या लागू किया गया है? तेलंगाना के किसी गांव में आकर देखिए। आपकी कोई भी गारंटी लागू नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 2,500 रुपए की सहायता, बेरोजगारी भत्ता और शादी के समय दुल्हन को एक तोला सोना देने जैसे वादे पूरे नहीं किए गए हैं। रेवंत रेड्डी के शनिवार के महाराष्ट्र दौरे का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कांग्रेस के कार्यक्रमों के लिए केरल, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में जाते हैं।

# खरगे का 'बटेंगे, कटेंगे' नारे पर पलटवार, कहा- कई कांग्रेसी नेताओं ने देश पर अपने प्राण न्योछावर किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नागपुर/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'बटेंगे तो कटेंगे' नारे पर पलटवार करते हुए शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी के कई नेताओं ने देश को एकजुट करने के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उन्होंने दावा किया कि जो लोग चाहते हैं कि देश एकजुट रहे, वे कभी भी इस तरह की विभाजनकारी टिप्पणियां नहीं करेंगे।

महाराष्ट्र के नागपुर शहर में संवाददाताओं से मुखातिब खरगे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से कहा कि पहले वह तय कर ले कि उसे योगी के नारे 'बटेंगे तो कटेंगे' और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एकता के संदेश 'एक हैं, तो सेफ हैं' में से किसे अपनाना है। खरगे ने संविधान की लाल कवर वाली प्रति को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना करने के लिए भी भाजपा पर पलटवार किया। उन्होंने एक तस्वीर दिखाई, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को संविधान की ऐसी ही प्रति भेंट करते नजर आ रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर वोट हासिल करने के लिए लोगों को भड़काने का आरोप लगाया। खरगे ने एक अखबार में प्रकाशित लेख का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने पढ़ा है कि आरएसएस उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के 'बटेंगे तो कटेंगे' नारे का समर्थन करता है। उन्होंने कहा, पहले आप आपस में तय कर लें कि किसका नारा अपनाना है- योगी जी का या मोदी जी का। भाजपा नेता भड़काऊ भाषण देते हैं, झूठ बोलते हैं और लोगों का ध्यान मूल मुद्दों से भटकाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को उत्तर महाराष्ट्र के धुले जिले में एक चुनावी रैली में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के बीच एकता पर जोर देते हुए कहा था, याद रखें, एक हैं तो सेफ हैं। खरगे ने कहा कि देश को एकजुट करने के लिए कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, आप केवल बांटते हैं, लेकिन दूसरों पर दोष मढ़ते हैं। आप कहते हैं 'बटेंगे तो कटेंगे। जो लोग चाहते हैं कि देश एकजुट रहे, वे कभी भी ऐसे विभाजनकारी नारे नहीं देंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र के दो बड़े नेताओं ने बड़ी परियोजनाओं को राज्य से बाहर गुजरात में जाने से नहीं रोका, क्योंकि उन्हें अपनी कुर्सी बचाने की चिंता थी और उनका लोगों के हितों से कोई लेना-देना नहीं है।

# मुंबई हवाईअड्डे पर 1.36 करोड़ कीमत की स्वर्ण भस्म बरामद, यात्री सहित दो गिरफ्तार

**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग की हवाई खुफिया इकाई (एआईयू) ने 24 कैरेट की स्वर्ण भस्म बरामद की है, जिसकी कुल कीमत 1.36 करोड़ रुपए है। अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इस मामले में दो लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। बैग में रखे अंतर्वस्त्र में स्वर्ण भस्म छिपाकर रखा हुआ था और इसे बरामद किया गया। एआईयू के अधिकारी ने बताया, सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने यात्री को उस समय रोका जब वह प्रस्थान कक्ष में कर्मचारियों के लिए बने शौचालय से बाहर निकल रहा था। उसके साथ छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का एक निजी कर्मचारी भी था, जो एक बैग लेकर चल रहा था। कर्मचारी और उसके बैग की तलाशी लेने पर अधिकारियों को अंतर्वस्त्र में छिपा कर रखा एक पैकेट बरामद हुआ जिसमें मोम के रूप में 24 कैरेट सोने की भस्म थी जिसका कुल वजन 1.892 किलोग्राम और शुद्ध वजन 1.800 किलोग्राम है और इसकी कीमत 1.36 करोड़ रुपए है।

# आंध्र प्रदेश में मादक पदार्थ तस्करों पर लगाम लगाने के लिए विशेष ध्यान देने की जरूरत : पवन कल्याण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अमरावती/भाषा।** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने शनिवार को कहा कि राज्य में मादक पदार्थ एक गंभीर समस्या बन गई और उन्होंने मादक पदार्थ तस्करों पर काबू पाने के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

पवन कल्याण ने इस समस्या के लिए पूर्ववर्ती युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए इस बात पर जोर दिया कि राज्य में गांजा (मारिजुआना) की खेती और इससे संबंधित आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। कल्याण ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को 'टैग' करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, राज्य में मादक पदार्थ एक गंभीर समस्या बन गई है। यह एक और विरासत है जो हमारी राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) सरकार को पिछले भ्रष्ट और आपराधिक शासन (वाईएसआरसीपी) से मिली है। राज्य में मादक पदार्थ तस्कर, गांजा की खेती और संबंधित आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

# कनाडा जाने की अनुमति नहीं मिलने पर व्यक्ति ने की मां की हत्या

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली में एक महिला की उनके बेटे ने कथित तौर पर इसलिए चाकू घोंपकर हत्या कर दी क्योंकि उन्होंने अपने पुत्र को काम के लिए कनाडा जाने की अनुमति नहीं दी थी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह घटना दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के बदरपुर इलाके के मोलरबंद गांव की है। उन्होंने बताया कि छह नवंबर की शाम को अपनी मां की हत्या करने के बाद आरोपी कृष्णकांत (31) ने अपने पिता सुरजीत सिंह (52) को फोन किया और उन्हें घर आने के लिए कहा। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त रवि कुमार सिंह ने बताया कि जब सुरजीत सिंह घर पहुंचे तो कृष्णकांत ने उनसे माफी मांगी और कहा कि वह ऊपर जाकर खुद देखें कि उसने क्या किया है। उन्होंने बताया कि घर की पहली मंजिल पर पहुंचने पर सुरजीत ने पत्नी गीता (50) को खून से लथपथ पाया और उसके शरीर पर चाकू के कई घाव थे।

# प्रधानमंत्री के अरब दौरे के दौरान भाजपा क्या इसी तरह की भाषा बोलती है: ओवैसी ने 'वोट जिहाद' पर कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**छत्रपति संभाजीनगर/भाषा।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को भाजपा नेताओं की 'वोट जिहाद' टिप्पणी को लेकर उनकी आलोचना की। उन्होंने सवाल किया कि क्या वे प्रधानमंत्री के अरब देशों के दौरे के समय भी इसी भाषा इस्तेमाल करते हैं।

हैदराबाद से लोकसभा सदस्य ने सत्तारूढ़ पार्टी पर महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या जैसे मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने छत्रपति संभाजीनगर में औरंगाबाद मध्य निर्वाचन क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाताओं से बातचीत की। एआईएमआईएम ने इस निर्वाचन क्षेत्र से नसीर सिद्दीकी को उम्मीदवार बनाया है। उनका मुकाबला 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शिवसेना के मौजूदा विधायक प्रदीप जायसवाल और शिवसेना (यूबीटी) के बालासाहेब थोराट से है। ओवैसी ने पूछा, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस राज्य में 'वोट जिहाद' की बात कर रहे हैं। लेकिन क्या वे उसी भाषा का इस्तेमाल तब भी करते हैं जब प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) अरब देशों का दौरा करते हैं। उन्होंने दावा किया कि औरंगाबाद (छत्रपति संभाजीनगर) संभाग में 324 किसान आत्महत्या कर चुके हैं, लेकिन कोई इसकी चर्चा नहीं करता है। ओवैसी ने कहा, इसके बजाय, फडणवीस को 'वोट जिहाद' याद आ रहा है। वे सिर्फ एक समुदाय को निशाना बना रहे हैं। उन्हें जवाब देना चाहिए कि वे मराठा समुदाय के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने में विफल क्यों रहे। उन्होंने मराठाओं, मुसलमानों और दलितों से एकजुट रहने की भी अपील की।

ओवैसी कहा, महाराष्ट्र के राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए यह समय की मांग है कि मराठा, मुस्लिम और दलित एकजुट रहें तथा सद्भाव से रहें।

औरंगाबाद मध्य विधानसभा सीट राज्य के मराठवाड़ा क्षेत्र का हिस्सा है, जहां कार्यकर्ता मनोज जरांगे शिक्षा और सरकारी नौकरियों में मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

# सीसीआई ने जांच में पाया, प्रतिस्पर्धा मानदंडों का उल्लंघन कर रहे जोमैटो और स्विगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की जांच में पाया गया है कि खाद्य वितरण मंच जोमैटो और स्विगी अनुचित व्यावसायिक प्रथाओं में लिप्त हैं। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इनमें कुछ रेस्तरां भागीदारों को कथित रूप से तरजीही व्यवहार देना भी शामिल है। सीसीआई ने अप्रैल, 2022 में विस्तृत जांच का आदेश दिया था। जांच रिपोर्ट इस साल की शुरुआत में नियामक को सौंप दी गई थी।

नियमों के तहत, सीसीआई महानिदेशक की रिपोर्ट संबंधित पक्षों के साथ साझा की गई है और बाद में, नियामक द्वारा उन्हें सुनवाई के लिए बुलाया जाएगा। सभी के विचार और स्पष्टीकरण एकत्र करने के बाद नियामक अंतिम आदेश पारित करेगा। दोनों संस्थाओं की जांच का निर्णय भारतीय राष्ट्रीय रेस्तरां संघ (एनआरएआई) द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत पर लिया गया था। सूत्रों ने बताया कि जांच में पाया गया है कि दोनों संस्थाएं प्रतिस्पर्धा-विरोधी गतिविधियों में लिप्त थीं, जिनमें कथित तौर पर कुछ रेस्तरां भागीदारों को तरजीह देना भी शामिल है। इस साल की शुरुआत में नियामक को रिपोर्ट सौंपी गई थी। स्विगी को ईमेल पर भेजे गए प्रश्न का उत्तर नहीं मिला, जबकि जोमैटो ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। एनआरएआई ने कहा कि उसने मार्च, 2024 में भेजी गई संशोधित जांच रिपोर्ट की समीक्षा की है।

एनआरएआई के अध्यक्ष सागर दरयानी ने उम्मीद जताई कि सीसीआई 2022 में एनआरएआई द्वारा अपनी याचिका में उठाए गए अन्य मुद्दों पर भी जांच में तेजी लाएगा। पिछले महीने स्विगी ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए दाखिल आरंभिक दस्तावेजों में सीसीआई मामले का उल्लेख किया था। आईपीओ शुक्रवार को बंद हुआ।

# पितृसत्ता अगर लड़कियों को रोकती तो इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री कैसे बनीं : निर्मला सीतारमण



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सवाल किया है कि अगर पितृसत्ता भारत में महिलाओं को आगे बढ़ने से रोक रही होती तो इंदिरा गांधी कैसे प्रधानमंत्री बन सकती थीं? सीतारमण ने शनिवार को यहां सीएमएस बिजनेस स्कूल के विद्यार्थियों से मुलाकात की और नवोन्मेष को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की ओर से उठाए गए विभिन्न कदमों तथा युवाओं के लिए शुरू की गईं सरकारी योजनाओं पर चर्चा की जिनमें 21 से 24 वर्ष आयु वर्ग के 'बेरोजगार युवाओं' के लिए एक करोड़ प्रशिक्षु भत्ता (इंटर्नशिप) की योजना भी शामिल है।

महिला सशक्तीकरण के बारे में पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए सीतारमण ने कहा कि पितृसत्ता एक अवधारणा है जिसका आविष्कार वामपंथियों ने किया है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद छात्राओं को सलाह दी, आप शानदार शब्दावली के बहकावे में न आएं। यदि आप अपने लिए खड़ी होंगी और तार्किक ढंग से बात करेंगी, तो पितृसत्ता आपको अपने सपने पूरे करने से नहीं रोकेगी। सीतारमण ने हालांकि स्वीकार किया कि महिलाओं को पर्याप्त सहूलियत नहीं मिल पाती और उन्हें और सहूलियतों की जरूरत है।

केंद्रीय मंत्री ने भारत में नवोन्मेषकों के लिए संभावनाओं के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मोदी सरकार नवोन्मेषकों के लिए अनुकूल महौल बना रही है। उन्होंने कहा, हम केवल नीति बनाकर नवोन्मेष्कों का समर्थन नहीं कर रही हैं।'' बल्कि भारत सरकार सुनिश्चित कर रही है कि इन नवोन्मेषकों द्वारा किए गए नवोन्मेष के लिए बाजार भी मिले। उन्होंने इस संदर्भ में उदाहरण के तौर पर एमएसएमई के लिए उपलब्ध सहायता तंत्र का हवाला दिया। उनके अनुसार, सरकारी खरीद में उन्हें प्राथमिकता दी जाती है।

सीतारमण ने कहा कि सरकार की 40 प्रतिशत खरीद एमएसएमई से हो रही है। उन्होंने कहा, यही कारण है कि आज भारत में दो लाख से अधिक स्टार्टअप हैं और 130 से अधिक यूनिकॉर्न बन चुके हैं। अवसर बहुत अधिक हैं, लेकिन उनका पूरा उपयोग नहीं हो रहा है। सीतारमण ने कहा कि इसी तरह का डिजिटल बैंकिंग बदलाव है जो भारत में हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि जन धन योजना से आम लोगों के लिए अवसर पैदा किये गए।

केंद्रीय वित्तमंत्री ने कहा, डिजिटल नेटवर्क का विस्तार करने के लिए भारत के दृष्टिकोण को सरकार द्वारा वित्त पोषित किया गया था, जबकि कई अन्य देश निजी खिलाड़ियों के माध्यम से आगे बढ़े, जिसके परिणामस्वरूप कहीं-कहीं नाममात्र शुल्क लगे। इसके कारण, यहां तक ङ्कङ्कि छोटे स्तर के उपयोगकर्ता भी बिना भुगतान किए डिजिटल बैंकिंग का उपयोग कर रहे हैं और भविष्य में यह और विकसित ही होगा।

# इकट्ठा किए गए हर रुपये का रखा जाता है हिसाब, ताकि पैसा व्यर्थ न जाए : वित्त मंत्री सीतारमण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु । केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार इकट्ठा किए गए हर एक रुपये का हिसाब रखती है, ताकि वह व्यर्थ न जाए और आम लोगों को सरकार के काम का लाभ मिले। वित्त मंत्री सीतारमण ने बेंगलूरु में एक कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने धन का प्रबंधन इस तरह किया है कि टैक्स के रूप में इकट्ठा किए गए रुपये प्रभावी रूप से परिसंपत्ति के निर्माण और लोगों को एक अच्छा शासन देने पर खर्च किए जाएं।

उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के साथ देश में बैंकिंग का कायाकल्प 2014 में शुरू हुआ था।

इसका उद्देश्य बैंकिंग तंत्र को सब के लिए सुलभ बनाना था। पीएमजेडीवाई के तहत 52.3 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं। यह वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दे रही है जिससे हाशिए पर पड़े लोगों को औपचारिक वित्तीय तंत्र में लाने में मदद मिल रही है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने एक उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे नागालैंड के एक छोटे से एनजीओ की अब अमेरिका के बाजार तक सीधी पहुंच है। उन्होंने कहा, जब मैं नागालैंड गई, तो मैंने एक एनजीओ का दौरा किया, जो कुशन कवर से लेकर चाय कोस्टर तक हाथ से बने हस्तशिल्प उत्पाद बनाती थी। एनजीओ चलाने वाली महिला ने मुझे बताया कि उन्हें अमेरिका से एक ऑर्डर मिला है और वे इसे क्रिसमस के लिए भेज रही हैं।

डिजिटल क्रांति की कोई सीमा नहीं है। अगर यह नागालैंड में एक छोटे से एनजीओ के लिए सच हो सकता है, तो आप कल्पना कर सकते हैं कि इससे पूरे देश में छोटी इकाइयों को कितना फायदा हुआ होगा। उन्होंने आगे कहा, आज के समय में कोई भी व्यक्ति इंतजार नहीं कर रहा कि कोई आएं और उन्हें डिजिटल और वित्तीय समावेशन को लेकर शिक्षित करें, क्योंकि उनके पास उनके फोन मौजूद हैं।



# कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने चुनावी वादे पूरे न करने के भाजपा के आरोप का खंडन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/मुंबई। कांग्रेस शासित तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों तथा कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उस आरोप का कड़ा विरोध किया, जिसमें कहा गया था कि उनके राज्यों में चुनावी वादों को पूरा नहीं किया जा रहा है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और हिमाचल प्रदेश के उनके समकक्ष सुखविंदर सिंह सुक्खू एवं कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। शिवकुमार ने कहा, महायुति के नेताओं को मेरे राज्य का दौरा करना चाहिए और देखना चाहिए कि कांग्रेस की कल्याणकारी गारंटी (योजनाओं) से लोगों को किस तरह लाभ मिल रहा है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेड्डी ने कहा, 10 महीनों में हमारी सरकार ने राज्य में युवाओं को 50,000 नौकरियां दी हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा के पास महाराष्ट्र में गर्व करने लायक कोई सफलता नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि बड़ी निवेश परियोजनाएं महाराष्ट्र से गुजरात स्थानांतरित की जा रही हैं। सुक्खू ने कहा कि उनकी सरकार के पुरानी पेंशन योजना लागू करने के फैसले से लोगों को काफी लाभ हुआ है। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र के लोगों को यह तय करना होगा कि क्या धन के बल पर सरकार गिराना लोकतंत्र है।

# भाजपा चुनावी 'जुमले' के लिए कांग्रेस की गारंटी योजनाओं की नकल कर रही : खरगे



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर उनकी पार्टी की गारंटी योजनाओं की नकल करने और अपने 'चुनावी जुमले' के हिस्से के रूप में चुनावी राज्यों में इसी तरह की घोषणाएं करने का शनिवार को आरोप लगाया। भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए खरगे ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार की गारंटी योजना का जोरदार तरीके से बचाव किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोगों से किए गए वादों को पूरा करती है, क्योंकि वह हमेशा उनके कल्याण के बारे में सोचती है।

यह पूछे जाने पर कि मोदी और अन्य भाजपा नेता चुनाव प्रचार के दौरान कर्नाटक सरकार की गारंटी योजनाओं पर सवाल उठा रहे हैं, खरगे ने दावा किया, मैंने झारखंड और महाराष्ट्र में उन्हें विस्तार से जवाब दिया है। मैं अब भी उनसे कर्नाटक के हमारे बजट का अध्ययन करने के लिए कहता हूं। बजट में पांच गारंटी योजनाओं के लिए करीब 52 हजार करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जिसका 47 प्रतिशत खर्च किया जा चुका है... शायद उन्होंने बजट नहीं देखा है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि अब भाजपा ने बिना किसी उचित बजट (आवंटन) के कई घोषणाएं की हैं। उन्होंने दावा किया, हमने कर्नाटक में जिन पांच गारंटी की घोषणा की थी, उनकी नकल करते हुए उन्होंने मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और अन्य राज्यों में घोषणाएं की हैं...। बेंगलूरु में संवाददाताओं से बातचीत में खरगे ने आरोप लगाया कि भाजपा कर्नाटक सरकार को बदनाम करने के लिए दुष्प्रचार कर रही है और किसी को भी इन बातों पर ध्यान नहीं देना चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, उन्होंने हमारी गारंटी योजनाओं की नकल की है। हम कम से कम उन गारंटी योजनाओं को लागू कर रहे हैं, जिनका हमने वादा किया था। हमने केंद्र में सत्ता में रहते हुए भी ऐसा किया था, अब हम उन राज्यों में ऐसा कर रहे हैं, जहां हमारी सरकार है।

उन्होंने विदेशी बैंकों में जमा काला धन वापस लाकर हर भारतीय के बैंक खाते में 15 लाख रुपये डालने, दो करोड़ नौकरियों का सृजन करने, फसलों की एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) बढ़ाने और बुलेट ट्रेन चलाने जैसे विभिन्न वादों का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा और मोदी ने अपनी किसी भी गारंटी को पूरा या लागू नहीं किया है। खरगे ने कहा, सब जुमला है। वे चुनावों की खातिर वादे करते हैं, जबकि कांग्रेस हमेशा लोगों के कल्याण के लिए काम करती है।

कर्नाटक में वक्फ संबंधी विवाद से जुड़े सवाल पर सीधा जवाब देने से बचते हुए खरगे ने कहा, संयुक्त संसदीय समिति इस पर गौर कर रही है। इसमें मेरी कोई भूमिका नहीं है, मैं इस पर कुछ बोल नहीं सकता... एक बार संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट संसद में आ जाए, तो हम इस पर बोल सकते हैं।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए जाने के मुद्दे पर खरगे ने कहा, मैं इस पर बार-बार नहीं बोलना चाहता।



# रेपका में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । यहां यलहंका स्थित रेल पहिया कारखाना (रेपका) में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत भ्रष्टाचार के खतरों के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए 9 नवम्बर को आरडब्ल्यूएफ कर्मचारियों द्वारा एक नुक्कड़ नाटक 'मैं हार नहीं मानूंगा' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान, महाप्रबंधक चंद्रवीर रमन ने सभा को संबोधित किया और आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। रेल पहिया कारखाने के सतर्कता विभाग द्वारा आयोजित समारोह में मुख्य सतर्कता अधिकारी आशीष वर्मा सहित अनेक अधिकारी उपस्थित थे।

गौरतलब है कि 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक राष्ट्र की समृद्धि के लिए अखंडता की संस्कृति विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। 16 अगस्त से 15 नवंबर तक निवारक सतर्कता पर एक तीन महीने का अभियान भी आयोजित किया गया। इस दौरान नैतिकता और शासन, कारखाना अधिनियम और श्रम कानून, माल की खरीद, प्रसंस्करण मांगपत्र और स्क्रैप निपटान, रेलवे सेवा (आचरण) नियम, रेलवे कर्मचारी (डी एंड ए) नियम, साइबर अपराध और धोखाधड़ी जैसे विभिन्न सेमिनार आयोजित किए गए।

सेमिनार के अलावा, आरडब्ल्यूएफ अधिकारियों के साथ-साथ 04 स्कूलों और 02 कॉलेजों के छात्रों के लिए निबंध लेखन / पेंटिंग और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।




# जैन धर्म में हिंसा और आतंकवाद को जगह नहीं : बसवराज बोम्मई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद बसवराज बोम्मई ने कहा कि अगर जैन धर्म के सिद्धांतों का पालन किया जाए तो दुनिया में हिंसा और आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं होगी। उन्होंने शनिवार को हब्बल्ली में दक्षिण भारत जैन सभा का दौरा किया और 108 पुण्य सागर मुनिश्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चूंकि मैं 2008 में शिग्गावी निर्वाचन क्षेत्र के लिए चुना गया था, इसलिए मैंने स्वामीजी का आशीर्वाद लिया और चुनाव कराया। जैन समुदाय के बारे में कहने को बहुत कुछ है। यदि जैन समुदाय, जिसकी बहुत ही अनोखी प्रणाली है, के सिद्धांतों का पालन किया जाए तो इस दुनिया में कोई युद्ध नहीं होगा। कोई घबराहट नहीं होगी। दुष्ट धर्म के नाम पर आतंकवाद हो रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों का मानना है कि अगर वे आतंकवाद करेंगे तो भगवान मिल जायेंगे।

उन्होंने कहा कि 'जैन, बौद्ध, हिंदू धर्म में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। ये धर्म त्याग से पैदा हुए हैं। दूसरे धर्म ऐसे नहीं हैं। सागर मुनिश्री की पुस्तक एक अच्छी पुस्तक है, इसमें कठिन से कठिन समस्याओं को आसानी से हल करने का उपाय है। हमारे बीच गुरु-शिष्य का रिश्ता है। उन्होंने मुझे हमेशा आशीर्वाद दिया है।' मैंने शिग्गवी तालुक में जैन बसदी समुदायों के निर्माण के लिए 12 करोड़ रुपये दिए हैं। इस बीच, उन्होंने उपस्थितों से शिग्गावी में अपने रिश्तेदारों से अनुरोध किया कि वे उन्हें भरत बोम्मई को वोट देने का निर्देश दें।

## प्रचार



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या शनिवार को अनंतपुर में संदूर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार अन्नपूर्णम्मा के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए।

# प्रधानमंत्री मोदी गुजरात के लिए 'निरंतर पक्षपात' प्रदर्शित कर रहे : मुख्यमंत्री

बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अपने गृह राज्य गुजरात के लिए 'निरंतर पक्षपात' दिखाने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि प्रमुख निवेशों को कर्नाटक जैसे संपन्न राज्यों से लेकर गुजरात को सौंप दिया गया है। उन्होंने सभी दक्षिणी राज्यों के लिए निष्पक्षता और समान अवसर की मांग की।

सिद्दरामय्या ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का गुजरात के प्रति निरंतर पक्षपात आसानी से देखा जा सकता है, सेमीकंडक्टर संयंत्रों से लेकर प्रमुख विनिर्माण केंद्रों तक प्रमुख निवेशों को कर्नाटक, तमिलनाडु और तेलंगाना जैसे संपन्न राज्यों से दूर ले जाया जा रहा है और विशेष सब्सिडी और प्रोत्साहन के साथ गुजरात को सौंप दिया जा रहा है।''

# दुर्घटना में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

कलबुर्गी/दक्षिण भारत । कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में शनिवार सुबह एक कार और पिकअप वाहन की भिड़ंत हो गई। भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों ने दम तोड़ दिया। स्थानीय पुलिस को इस घटना की सूचना दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एक-एक करके चारों शवों को गाड़ी से बाहर निकाला। शवों को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय अस्पताल भेज दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार, एक ही परिवार के लोग कार में सवार होकर गणगापुर-श्री दत्तात्रेय मंदिर के दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान, कमलापुरा तालुक में मारगुट्टी क्रॉस के पास सड़क हादसा हो गया। कार सवार चार लोगों की कार सामने से आ रही एक पिकअप से टकरा गई। इस हादसे में परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान कर ली गई है। इनकी पहचान हैदराबाद निवासी भार्गव कृष्ण (55), उनकी पत्नी संगीता (45), बेटा उत्तम राघवन (28) के तौर पर हुई है। हालांकि, कार चालक की पहचान नहीं हो पाई है। जिसकी सड़क दुर्घटना में मौत हुई है। ये सभी हैदराबाद के रहने वाले थे और कलबुर्गी के गणगापुर-श्री दत्तात्रेय मंदिर के दर्शन करने जा रहे थे।

वहीं, उत्तर भारत से भी शनिवार को हादसे की दर्दनाक खबर आई। शनिवार को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भी एक भीषण सड़क हुई। जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 अन्य घायल हो गए। घटना फिरोजाबाद के थाना नसीरपुर क्षेत्र में माइलस्टोन 49 पर घटी, जब मथुरा से लखनऊ लौट रही एक टूरिस्ट बस ट्रक से टकरा गई।

# कोविड घोटाला रिपोर्ट में येडीयुरप्पा, श्रीरामुलु पर मुकदमा चलाने की सिफारिश : गुंडूराव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने शनिवार को कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान उपकरणों एवं दवाओं की खरीद में कथित अनियमितताओं की जांच करने वाले न्यायमूर्ति माइकल डी कुन्हा जांच आयोग ने प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता बी एस येडीयुरप्पा तथा पूर्व मंत्री बी श्रीरामुलु के खिलाफ मुकदमा चलाने की सिफारिश की है। राव ने कहा कि यह स्पष्ट है कि कोविड-19 के दौरान उपकरणों एवं दवाओं की खरीद में ''लूट-खसोट'' हुई थी।

मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने चुनावी विधानसभा क्षेत्र संदूर में कहा कि मंत्रिमंडल की उपसमिति की रिपोर्ट के आधार पर सरकार कैबिनेट में चर्चा के बाद भविष्य की कार्रवाई पर फैसला करेगी। मंत्री ने कहा कि रिपोर्ट कांग्रेस के इस आरोप को साबित करती है कि तत्कालीन सरकार ने स्थिति का दुरुपयोग करते हुए मृतकों के नाम पर पैसा बनाया।

राव ने कहा, ''...कुछ खामियां थीं। महामारी के दौरान कोई भी उनसे सवाल नहीं कर सकता था। उस स्थिति का फायदा उठाते हुए, तत्कालीन सरकार ने नियमों का उल्लंघन किया और लूट-खसोट की तथा अपने लिए सुविधाजनक फैसले किए। तब विपक्षी दल के रूप में, हमने (कांग्रेस) इस मुद्दे को उजागर करने की कोशिश की। राज्य में सत्ता में आने के बाद हमने जांच कराने और रिपोर्ट सौंपने के लिए एक पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में जांच आयोग का गठन किया।''

यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि आयोग ने प्रारंभिक रिपोर्ट सौंप दी है और दूसरी रिपोर्ट छह-सात महीने में सौंपी जा सकती है, क्योंकि बहुत सारे दस्तावेजों की जांच करनी होगी। राव ने कहा, गठित की गई कैबिनेट उप-समिति ने रिपोर्ट पर चर्चा की है और यह सच है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री येडीयुरप्पा और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री श्रीरामुलु का सीधे तौर पर नाम लिया गया है... पीपीई किट की खरीद में लगभग 14 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इसे नियमों का उल्लंघन कर अधिक कीमत पर खरीदा गया था। देश में इनकी उपलब्धता होने के बावजूद इन्हें चीन-हांगकांग से खरीदा गया था।

उन्होंने रिपोर्ट में लगाये गए गंभीर आरोपों का हवाला देते हुए येडीयुरप्पा और श्रीरामुलु को 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा उपचुनाव के प्रचार से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि जांच के दौरान श्रीरामुलु के बाद स्वास्थ्य मंत्री का पद संभालने वाले व्यक्ति के खिलाफ आरोप सामने आ सकते हैं। उनका इशारा वर्तमान सांसद के. सुधाकर की ओर था। सिद्दरामय्या ने कहा, जब मैं नेता प्रतिपक्ष था, तो मैंने रिकॉर्ड के साथ कोविड खरीद घोटाला उठाया था, जिसमें 2,000 करोड़ रुपये से अधिक के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। सत्ता में आने के बाद हमने जांच के लिए एक आयोग का गठन किया, इसके द्वारा प्रस्तुत अंतरिम रिपोर्ट की कैबिनेट की उपसमिति द्वारा जांच की जा रही है।



अपने खिलाफ आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए येडीयुरप्पा ने कहा कि वह इस तरह की धमकी' से नहीं डरेंगे। येडीयुरप्पा ने सिद्दरामय्या पर निशाना साधते हुए उनसे 'साजिश की राजनीति' छोड़ने के लिए कहा। उन्होंने मुख्यमंत्री को अपने ऊपर लगे आरोपों का सामना करने और लोगों की भलाई करने पर ध्यान केंद्रित करने की भी सलाह दी। येडीयुरप्पा ने कहा, येडीयुरप्पा इस तरह की धमकियों के आगे नहीं झुकेंगे....कोई अन्य रास्ता नहीं होने के कारण सिद्दरामय्या पुरानी बातों से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे हैं। इससे उन्हें किसी भी तरह से फायदा नहीं होगा...कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, उन्हें जो करना है करने दीजिए, मेरे पास इसका सामना करने की ताकत है। प्रारंभिक रिपोर्ट 31 अगस्त को न्यायमूर्ति माइकल डी कुन्हा द्वारा सौंपी गई थी।

सरकार ने रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई करने के लिए पिछले महीने एक विशेष जांच दल (एसआईटी) और एक कैबिनेट उप-समिति गठित करने का फैसला किया था। इसके बाद, मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के नेतृत्व में सात सदस्यीय कैबिनेट उप-समिति गठित की। गृह मंत्री जी परमेश्वर, कानून मंत्री एच के पाटिल, स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव, ग्रामीण विकास मंत्री प्रियंक खरगे, श्रम मंत्री संतोष लाड और चिकित्सा शिक्षा मंत्री शरण प्रकाश पाटिल समिति के सदस्य हैं।

रिपोर्ट के हवाले से आरोप लगाते हुये स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पीपीई किट सौदे में खरीद की दरों पर बातचीत में और शर्तों में नियमों का उल्लंघन किया गया था, कंपनियों की तरफदारी की गई थी, जिसके परिणामस्वरूप 14 करोड़ रुपये अधिक का भुगतान किया गया। उन्होंने कहा, रिपोर्ट में येडीयुरप्पा एवं श्रीरामुलु के खिलाफ कार्रवाई और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की सिफारिश की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार का 'राजनीतिक प्रतिशोध' का कोई इरादा नहीं है।

उन्होंने कहा कि उक्त सिफारिश के बाद, कैबिनेट उप-समिति की एक बैठक हुई और उपचुनाव खत्म होने के बाद एक और बैठक आयोजित की जाएगी। येडीयुरप्पा के बेटे और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र ने कहा कि न तो उनके पिता और न ही उनकी पार्टी ऐसी जांच रिपोर्ट से डरकर भागेगी। उन्होंने कहा कि अब रिपोर्ट सामने लाना, उपचुनावों के दौरान एमयूडीए भूमि आवंटन मामले और वक्फ विवाद मामले में मुख्यमंत्री के खिलाफ लगे आरोपों से सरकार की ध्यान भटकाने की रणनीति' है।

श्रीरामुलु ने कहा कि अगर यह साबित हो गया कि उन्होंने कुछ गलत किया है तो वह राजनीति छोड़ देंगे। उन्होंने कहा, उनको कोई भी जांच करने दें...मैं सामना करने के लिए तैयार हूं...जब कोविड आया, तो शुरू में मास्क और किट स्थानीय स्तर पर उतनी मात्रा में उपलब्ध नहीं थे जितनी आवश्यकता थी, हमें चीन से आयात करना पड़ा। हमने बहुत बाद में देश में उत्पादन शुरू किया। अधिकारियों की सदस्यता वाले कार्यबल (टास्क फोर्स) ने खरीद पर निर्णय लिया, अकेले श्रीरामुलु ने नहीं। राव ने कहा कि अधिकारियों सहित जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को नोटिस दिया जाना चाहिए, उनसे जवाब मांगा जाना चाहिए।

राव ने कहा, चाहे अधिकारी हों या (पूर्व) मंत्री, कार्रवाई की जाएगी। चूंकि यह (घोटाला) बड़े पैमाने पर हुआ है, इसलिए हमें हर कदम कानूनी रूप से उठाने की जरूरत है। यदि ऐसा नहीं किया तो तकनीकी आधार पर अदालतों से स्थगन प्राप्त किया जा सकता है और मामले आसानी से बंद किये जा सकते हैं, इसलिए हमें प्राकृतिक न्याय और निष्पक्षता के सिद्धांतों का पालन करते हुए सावधानी से कदम उठाने की जरूरत है।।

# सर्दियों में ट्रेनों के सुरक्षित संचालन के लिए पटरियों की अत्याधुनिक मशीनों से की जा रही जांच

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में सर्दियों में ट्रेनों के सुरक्षित संचालन के लिए पटरियों की जांच में अत्याधुनिक अल्ट्रासाउंड मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। रेलवे ने शनिवार को यह जानकारी दी। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि इसके साथ ही लोको पायलटों को विशेष 'फॉग सेफ्टी' उपकरण दिए जा रहे हैं। रेलवे प्रवक्ता ने बताया कि सर्दियों के मौसम में ट्रेनों के सुरक्षित संचालन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इसके तहत रेल संचालन से जुड़े कर्मचारियों को विशेष निर्देश के साथ-साथ बाधा रहित ट्रेन संचालन में उपयोगी उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि



किरण के अनुसार, सर्दियों के मौसम में कोहरे और रेल पटरी में दरार के कारण ट्रेन संचालन में नियमित अवरोध बना रहता है, जिसकी वजह से ट्रेनें कई घंटों तक विलंब से चलती है। अधिकारी ने बताया कि इससे बचने और एहतियाती उपायों के तहत रेलवे ने विशेष सुरक्षा अभियान में उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा लोको पायलटों को इंजन में उपयोग हेतु 'फॉग सेफ्टी डिवाइस' दिए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि अभी तक चारों मंडलों को कुल 875 ऐसे डिवाइस दिए जा चुके हैं। शशि किरण ने बताया कि लोको पायलटों को कोहरे के समय ट्रेनों की गति 60 से 75 किलोमीटर प्रति घंटे अथवा अपने विवेकानुसार निम्नतम बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि संकेतों की सूचना दर्शाने वाले बोर्डों को दोबारा पेंट किया जा रहा है और चमकीली पट्टी लगाई जा रही है। किरण ने बताया कि कोहरे के समय दृश्यता कम होने पर लोको पायलटों की सहायता के लिए स्टेशन मास्टरों द्वारा 'विजिबिलिटी टेस्ट ऑब्जेक्ट' ( वीटीओ) के उपयोग के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि इससे लोको पायलटों को स्टेशन पास होने की जानकारी मिलेगी। अधिकारी ने बताया कि सर्दियों में जिन स्थानों पर प्राय: पटरियों में दरार की सम्भावना होती है वहां अत्यधिक सावधानियां बरतने के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पटरियों की गहनता से जांच की जा रही है और इसके लिए अत्याधुनिक अल्ट्रासाउंड मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। किरण ने बताया कि साथ ही ऐसे इलाकों में सर्दी के मौसम में विशेष गश्त की जा रही है। उन्होंने बताया कि रेल पटरी में दरार होने पर तुरंत मरम्मत के अतिरिक्त सामग्रियों और उपकरणों का जगह जगह भंडार बनाया गया है ताकि रेल परिचालन को जल्द से जल्द बहाल किया जा सके।



# कांग्रेस ने मुल्क के मालिकों को भिखारी बना दिया : शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को आरोप लगाया कि देश में सबसे अधिक समय तक शासन करने वाली कांग्रेस ने 'मुल्क के मालिकों' को भिखारी बना दिया और जो 'भिखारी थे वे आबाद' हो गए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जब चुनाव आते हैं तो कांग्रेस जाति और धर्म के नाम पर लोगों को बांटने का काम करती है। शर्मा झुंझुनूं के सुलताना कस्बे में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, मैं कहना चाहता हूं कि कांग्रेस ने मुल्क के मालिकों को इन्होंने भिखारी बना दिया और जो भिखारी थे वो आबाद हो गए। शर्मा ने जनता से आह्वान किया, अरे मेरे मुल्क के मालिकों जरा जागो और आप अपनी पहचान करिए कि मेरा कौन भला कर सकता है, मेरे राजस्थान का भला कौन कर सकता है। मेरे झुंझुनू का भला कौन कर सकता है।

शर्मा ने कहा कि 70 वर्ष में अगर सबसे ज्यादा किसी ने राज किया तो वो कांग्रेस ने किया और कांग्रेस ने राज किया है तो आपको पूछने का हक बनता है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि जब भी चुनाव आते हैं, कांग्रेस झूठ फैलाती है, लोगों को जाति और धर्म के आधार पर बांटना चाहती है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में 11 महीने पहले भाजपा की सरकार बनी और पहले दिन से ही चुनाव घोषणापत्र में किए गए वादों पर काम करना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा, हमने सत्ता में आने के बाद प्रश्न पत्र लीक मामलों के लिए एसआईटी (विशेष जांच दल) का गठन किया। आज प्रश्न पत्र लीक मामलों में आरोपी करीब 200 लोग जेल में हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लोगों से किए गए सभी वादे पूरे करेगी। उन्होंने कहा, भाजपा जो कहती है, वह करती है। भाजपा ने झुंझुनू विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में राजेंद्र भांभू को उम्मीदवार बनाया है। राज्य की सात विधानसभा सीट झुंझुनू, दौसा, देवली-उनियारा, खींवसर, चौरासी, सलूंबर और रामगढ़ पर होने वाले उपचुनाव के लिए मतदान 13 नवंबर को होगा और 23 नवंबर को नतीजों की घोषणा की जाएगी।

## थाईलैंड की युवती को गोली मारी

उदयपुर/दक्षिण भारत । राजस्थान के उदयपुर शहर में शनिवार को अज्ञात बदमाशों ने थाईलैंड की एक युवती को कथित तौर पर गोली मार दी। पुलिस ने बताया कि 24 वर्षीय युवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत खतरे से बाहर है। उदयपुर के पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बताया कि पुलिस को सुबह जिला अस्पताल से सूचना मिली कि एक विदेशी लड़की को अस्पताल लाया गया है जिसे गोली लगी है। शुरुआती जांच में पता चला है कि थाईलैंड की नागरिक थैंक चानोक माली कॉलोनी स्थित एक होटल में अपनी महिला मित्र के साथ ठहरी हुई थी। रात करीब डेढ़ बजे वह कुछ दोस्तों से मिलने के बहाने होटल से अकेली निकली। सूरजपोल के थानाधिकारी रतन सिंह ने बताया कि तीन लोग उसे घायल अवस्था में एक निजी अस्पताल लेकर गए और वहां उसे छोड़कर चले गए। वहां से महिला को महाराणा भूपाल राजकीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल प्रशासन ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। उन्होंने कहा कि जब महिला को निजी अस्पताल ले जाया गया, तब उसके साथ तीन लोग थे। उन्होंने कहा कि आरोपियों की पहचान और उनका पता लगाने के लिए जांच जारी है। उन्होंने बताया कि महिला की हालत खतरे से बाहर है। वह 21 अक्टूबर को उदयपुर के होटल में रुकी थी।

## अपील



उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी सलूंबर के मुख्य बाजार में शनिवार को आयोजित भव्य रोड शो में सम्मिलित होकर क्षेत्रवासियों से सलूंबर के असीम विकास के प्रति समर्पित भाजपा प्रत्याशी श्रीमती शांता अमृतलाल मीणा जी के पक्ष में मतदान करने के लिए अपील की।

## जमीन की चाह में बेटे ने कुल्हाड़ी से वार कर मां को उतारा मौत के घाट

अजमेर। अजमेर जिले में पारिवारिक जमीन की चाहत में बेटे ने खाना खाती हुई अपनी मां पर कुल्हाड़ी से वार कर मौत के घाट उतार दिया। यह मामला है अजमेर के गंज थाना अंतर्गत अजयसर गांव का है, जिस कुल्हाड़ी से अपनी मां को मौत के घाट उतारा, उसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। हत्या की सूचना पर गांव में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मृतक के घर के आसपास इकट्ठा हो गए। हत्या की सूचना पर पहुंची गंज थाना पुलिस और दरगाह का लक्ष्मण राम ने घटना स्थल से मौका मुआयना कर हत्या में काम में ली गई कुल्हाड़ी बरामद कर ली। वहीं, हत्यारे बेटे बबलू को भी पुलिस ने डिटेन कर लिया।

अजयसर निवासी सरपंच प्रतिनिधि अब्दुल रजाक ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पिछले कई दिन से मृतका हंजा और बेटे बबलू के बीच पारिवारिक जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। बबलू के सिर पर खून सवार था और वह हाथों में नुकीली कुल्हाड़ी लेकर आया और खाना खा रही अपनी ही मां के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले से हंजा खून से लथपथ हो गई और जमीन पर गिर गई, वहीं उसने दम तोड़ दिया। हत्या की सूचना पर पहुंचे दरगाह का लक्ष्मण राम ने जानकारी देते हुए बताया कि गंज थाने पर फोन के जरिए इतना मिली कि अजयसर गांव में एक महिला के बेटे ने महिला की हत्या कर दी, जिस पर मय जाब्ता मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर मौके पर एफएसएल की टीम के जरिए हत्या के साक्ष्य जुटाए गए।

वहीं, हत्यारे बेटे बबलू को डिटेन कर लिया गया है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, मृतका हंजा का पति और बड़ा बेटा मजदूरी करने गए थे और वारदात के वक्त घर पर एक बेटी मौजूद थी। जब बबलू ने अपनी मां पर कुल्हाड़ी से वार किया, तब उसकी बेटी ने बचाव करने का भी खूब प्रयास किया। मगर बबलू ने अपनी बहन की एक नहीं सुनी और कुल्हाड़ी से अपनी मां पर वार करता गया।



# राइजिंग राजस्थान के जरिए लाखों युवाओं को मिलेगा रोजगार : बैरवा

अलवर। राजस्थान के उप-मुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा ने कहा है कि राज्य में राइजिंग राजस्थान के जरिये लाखों युवाओं को रोजगार मिलेगा। विदेश से कंपनियां निवेश करने को आतुर है। बैरवा शनिवार को अलवर जिले के रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में बड़ौदामेव, नशोपुरा सहित कई गांव में दौरा कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी सुखवंत सिंह के समर्थन में जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में निवेशकों में काफी उत्साह है। राजस्थान में निवेश आयेगा तो निश्चित रूप से सुविधा भी बढ़ेंगी और आर्थिक विकास भी होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा आमजन की भावनाओं के रूप रीति-नीति से काम करती है। उन्होंने आरोप लगाया, कांग्रेस ने हमेशा दलितों पर अत्याचार किया है, परेशान किया और वहीं भाजपा ने मुझ जैसे गरीब दलित परिवार के एक साधारण कार्यकर्ता को उप मुख्यमंत्री बनाया।

उन्होंने कहा कि भाजपा के 10 माह के शासन में आमजन पूरी तरह खुश है। कांग्रेस ने पिछले पांच साल में आम जन को परेशान किया, कुर्सी का खेल खेला। दलित पर अत्याचार किया, इसलिये राजस्थान की जनता ने उन्हें सबक सिखाया है। अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुझ जैसे गरीब दलित परिवार के एक कार्यकर्ता को उप-मुख्यमंत्री बनाया। बैरवा ने कहा कि भाजपा में राष्ट्रीय संस्कार हैं और भाजपा उपचुनाव में सभी सातों सीटों पर विजय हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सबको साथ लेकर चलती है, कांग्रेस हमेशा बांटने का काम करती है।

# भाजपा सरकार ने सभी जरूरतमंदों के हितों पर कुठाराघात किया : डोटासरा

जयपुर/दक्षिण भारत । कांग्रेस की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने सभी जरूरतमंदों के हितों पर कुठाराघात किया है। डोटासरा ने उपचुनाव के लिए प्रचार के तहत दौसा व रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, राजस्थान की भाजपा सरकार ने किसानों, गरीबों, आम आदमी समेत सभी जरूरतमंदों



के हितों पर कुठाराघात किया है। डोटासरा ने कहा, भाजपा के पास युवाओं को देने के लिए रोजगार नहीं है, महंगाई कम करने की नीयत नहीं है, आज देश में सब्जी, खाद्य तेल, पेट्रोल-डीजल सब के दाम बढ़ रहे हैं। पार्टी प्रवक्ता के मुताबिक डोटासरा ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद किसानों की समृद्धि, उनकी आय बढ़ाने, उनके दु:ख तकलीफों को दूर करने के लिए कोई काम नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार चिकित्सा, शिक्षा, सड़क, कानून व्यवस्था, बिजली, पानी सभी क्षेत्रों में विफल रही है। प्रदेश में कानून व्यवस्था दिन प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है, भू-माफिया, बजरी माफिया हावी हैं।

# अन्तरराष्ट्रीय 'पुष्कर मेला' का शुभारंभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। राजस्थान में अजमेर के तीर्थराज पुष्कर में शनिवार से अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त 'पुष्कर मेला-2024' का विधिवत शुभारंभ हो गया। राज्य सरकार के जलसंसाधन मंत्री एवं पुष्कर विधायक सुरेश सिंह रावत ने मेला मैदान पर विधिवत मंत्रोच्चार तथा ध्वजारोहण के साथ मेला का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रसिद्ध नगाड़ा वादक नाथूलाल ने नगाड़ा बजाकर जहां मैदान पर मौजूद देशी-विदेशी पर्यटकों एवं ग्रामीणों को मंत्रमुग्ध किया वहीं मेले का जयघोष भी किया।

पुष्कर मेला मैदान पर प्रशासनिक शिविर भी शुरू हो गया। मेले के शुभारंभ मौके पहले दिन 'कैमल रैली' का भी आयोजन हुआ , जिसके जरिये



कैमल संवर्धन एवं संरक्षण का संदेश देकर 'रेगिस्तान के जहाज' के प्रति सरकार ने गम्भीरता दिखाई। साथ ही 51 ऊंट गाड़ियों का प्रदर्शन लोकलुभावन बन गया। सायं पवित्र पुष्कर सरोवर पर 51 हजार दीपकों का दीपदान का भव्य आयोजन होगा। नौ से 15 नवंबर तक चलने वाले पुष्कर मेले में देशी विदेशी पर्यटकों के लिए विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इनमें मांडना प्रतियोगिता, फुटबॉल मैच, लगान क्रिकेट, मटका रेस, रस्साकशी, लम्बी मूछ प्रतियोगिता, लंगड़ी टांग, सतौलिया, साफा बांधो जैसी प्रतियोगिता आयोजित होगी। साथ ही विभिन्न पशु प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा। सभी के विजेताओं को मेला मैदान पर 15 नवंबर को आयोजित होनेवाले समापन समारोह में पुरूस्कृत किया जायेगा। मेले के दौरान प्रतिदिन सांस्कृतिक संध्या तथा भजन गायक अनूप जलोटा तथा कैलाश खेर भी क्रमशः 12 एवं 14 नवंबर को प्रस्तुति देंगे।

पुष्कर मेले के शुभारंभ में स्कूली छात्राओं ने राजस्थानी गीत पर नृत्य पेश कर यहां की लोकसंस्कृति को जीवन्त किया। सैंड आर्टिस्ट अजय रावत ने भी देखने लायक कलाकृति बनाई। उल्लेखनीय है कि पुष्कर का धार्मिक मेला पंचतीर्थ स्नान के साथ कार्तिक एकादशी 12 नवंबर से शुरु होकर कार्तिक पूर्णिमा 15 नवंबर तक भरेगा, जिसमें लाखों श्रद्धालुओं द्वारा पवित्र सरोवर में धार्मिक स्नान होगा। इस दिन सरोवर की महाआरती के साथ पुष्कर मेला सम्पन्न होगा। मेले में आने वाले श्रद्धालु भगवान ब्रह्माजी का भी आशीर्वाद ले रहे हैं।



# राज्यपाल बागड़े ने गौ उत्पादों के लिए प्रभावी वातावरण बनाने का आह्वान किया

जयपुर/दक्षिण भारत । राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने गौ उत्पादों के लिए प्रभावी वातावरण बनाने का आह्वान करते हुए शनिवार को कहा कि इससे हम देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकते हैं।

बागड़े ने पिंजरापोल गौशाला में आयोजित गोपाष्टमी पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में गौ-उत्पादों के महत्व की चर्चा करते हुए कहा कि गाय के गोबर से प्राकृतिक खेती को ही समृद्ध नहीं किया जा सकता बल्कि गौ-उत्पादों का प्रभावी विपणन कर हम देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत कर सकते हैं। राजभवन द्वारा जारी बयान के अनुसार, बागड़े ने भारतीय नस्ल की देसी गाय और उससे जुड़े उत्पादों को महत्वपूर्ण बताया।

उन्होंने कहा कि गोपाष्टमी का पर्व गौ माता की पूजा और सेवा से ही नहीं जुड़ा बल्कि यह भारतीय संस्कृति में गाय के महत्व को प्रतिपादित करने वाला त्यौहार है। राज्यपाल बागड़े ने 'गौ माता' के संरक्षण के साथ गौ उत्पादों के लिए प्रभावी वातावरण बनाने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर भी उपस्थित रहे।

बागड़े ने कहा कि गाय हमारे जीवन का पोषण ही नहीं करती बल्कि अर्थव्यवस्था का भी प्रमुख आधार है। उन्होंने गोपाष्टमी से जुड़ी कथा सुनाते हुए भगवान कृष्ण से पर्यावरण संरक्षण के लिए मिलने वाली सीख अपनाते हुए प्रकृति पूजन को दिनचर्या बनाने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने गो उत्पादों के महत्व की चर्चा करते हुए कहा कि गाय के गोबर से प्राकृतिक खेती को ही समृद्ध नहीं किया जा सकता बल्कि गो उत्पादों का प्रभावी विपणन कर हम देश की अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ कर सकते हैं। उन्होंने भारतीय नस्ल की देशी गो और उससे जुड़े उत्पादों को महत्वपूर्ण बताया।



# गोपाष्टमी पर पिंजरापोल गौशाला में आयोजित हुआ कार्यक्रम : कुमावत

जयपुर/दक्षिण भारत। कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि गाय हमारी संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है व गाय को माता का दर्जा दिया है, हमे इनका संरक्षण व संवर्द्धन करना चाहिये। कैबिनेट मंत्री कुमावत शनिवार को पाली शहर में स्थित पिंजरा पोल गौशाला में आयोजित गोपाष्टमी पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी । साथ ही उन्होंने गौ अर्क, गौ मूत्र व अन्य उत्पादों के बारे में बताया और कहा कि राईजिंग राजस्थान में इनके उत्पादों को शामिल करने के लिये कहा है। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि सरकार ने पशु चिकित्सा के लिये मोबाईल वैटनरी यूनिट प्रारंभ की है जिससे कि पशुओं को घर बैठे चिकित्सा मिलेगी । इसके लिये डॉक्टर अन्य स्टाफ व दवाईयों की भी व्यवस्था की है उन्होंने ग्राम पंचायतों व पंचायत समितियों पर नन्दीशाला व गौशालायें खोलने के बारे में भी जानकारी दी।

इस अवसर पर समारोह को पूर्व विधायक ज्ञानचन्द पारख ने भी सम्बोधित किया और कहा कि हम सभी के लिये गाय माता है हमें इनकी सेवा करनी चाहिये क्योंकि हमारी संस्कृति में गाय का अहम स्थान है। साथ ही उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर गौमाता के हित के लिये कार्य करना चाहिये। समारोह को पूर्व सभापति महेन्द्र बोहरा ने भी सम्बोधित किया और गाय ,गंगा,गीता और गायत्री के बारे में विस्तार से बताया और उन्होंने गौमाता और उनके महात्मय व सेवा से मिलने वाले पुण्य के बारे में व्याख्यान दिया।

# मुख्यमंत्री योगी का अखिलेश पर तंज, बबुआ अभी बालिग नहीं हुआ है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अलीगढ़/कानपुर/मैनपुरी/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि बबुआ अभी बालिग नहीं हुआ है।

योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश विधानसभा की नौ सीट पर उपचुनाव के लिए प्रचार करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवारों के पक्ष में रैलियों को संबोधित किया।

योगी आदित्यनाथ ने खैर से सुरेंद्र दिलेर, सीसामऊ से सुरेश अवस्थी और करहल से अनुजेश यादव के लिए प्रचार किया।

योगी आदित्यनाथ ने करहल में एक रैली को संबोधित करते हुए अखिलेश पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, कुछ लोगों की प्रवृत्ति होती है, जो जिंदगी भर उनके साथ जुड़ जाती है। बबुआ (अखिलेश यादव) अभी बालिग नहीं हुआ है इसलिए कभी-कभी ऐसा काम कर देता है, जिससे मैनपुरी वालों के सामने भी संकट खड़ा हो जाता है।

वर्ष 2019 लोकसभा चुनाव में सपा और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के गठबंधन पर राजनीतिक विरोधियों ने अखिलेश को 'बबुआ' और बसपा प्रमुख मायावती को 'बुआ' नाम दिया था।

मुख्यमंत्री ने सपा कार्यकर्ताओं द्वारा पहनी जाने वाली लाल टोपी पर तंज कसते हुए कहा, लाल टोपी-काले कारनामे को पनपने मत दीजिए। यह लोग षडयंत्र कर रहे हैं और फिर से उत्तर प्रदेश को अराजकता में धकेल देंगे।

प्रदेश की फूलपुर, गाजियाबाद, मझवां, खैर, मीरापुर, सीसामऊ, कटेहरी, करहल और कुंदरकी विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा और 23 नवंबर को मतगणना होगी।

योगी आदित्यनाथ ने कहा, अखिलेश यादव का आचरण अपने पिता व समाजवादी पार्टी संस्थापक दिवंगत मुलायम सिंह यादव की भावनाओं के विरुद्ध है।

## मणिपुर में उग्रवादियों ने महिला की गोली मारकर हत्या की

**इंफाल/भाषा।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में शनिवार को धान के खेत में काम कर रही एक महिला की उग्रवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना सैटन क्षेत्र में हुई, जब महिला अन्य किसानों के साथ फसल की देखरेख करने गई थी, तभी उग्रवादियों ने पहाड़ी से गोलीबारी शुरू कर दी। अधिकारियों ने बताया कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना के बाद गांव में तनाव फैल गया और स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में तैनात केंद्रीय बल इस तरह के हमलों को रोकने के लिए कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बल भेजे गए हैं। बृहस्पतिवार रात जिरीबाम जिले के जैरोन हमार गांव में अज्ञात व्यक्तियों के हमले में 31 वर्षीय एक महिला की मौत होने के दो दिन बाद इस घटना को अंजाम दिया गया। पिछले वर्ष मई से मेइती और कुकी समुदाय के लोगों के बीच शुरू हुए जातीय संघर्ष में अबतक 200 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हुए हैं।

## सिर्फ कपड़ों से कोई योगी नहीं बनता: अखिलेश



**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि कोई व्यक्ति वस्त्र से नहीं बल्कि अपने वचन से योगी होता है। नोटबंदी के दौरान जन्म लेने वाले बच्चे 'खजांची' के जन्मदिन पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का नाम लिए बगैर यह टिप्पणी की। यादव ने कार्यक्रम में कहा, जो लोग मुठभेड़ करते हैं, उनका काउंटडाउन (उल्टी गिनती) शुरू हो गया है। उन्होंने कहा, अब वे उतने दिन सरकार में नहीं रहेंगे, जितने दिन वे (सरकार में) रहे हैं। इसलिए आप देखेंगे कि उनकी भाषा बदल गई है, उनके सोचने और समझने का तरीका भी बदल गया है। सच तो यह है कि 'मन की कुटिलता ही वचन की कटुता बन रही है'। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, जो व्यक्ति किसी को अपने से बड़ा नहीं समझता, वह कैसा योगी है? अगर कोई है जो संतों को आपस में लड़ा रहा है, तो वह सरकार में बैठे लोग हैं। उन्होंने कहा, कहते हैं कि संत जितना बड़ा होता है, उतना ही कम बोलता है और जब बोलता है तो जनकल्याण के लिए बोलता है। यहां तो सब उल्टा है। जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल हो रहा है...कोई व्यक्ति अपने पहनावे से योगी नहीं होता, बल्कि अपने बोलने से योगी होता है।

## फिरौती के लिए बंधक बनाए गए व्यक्ति को पुलिस ने छुड़ाया, 3 आरोपी गिरफ्तार

**बांदा/भाषा।** उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले में पुलिस ने फिरौती के लिए बंधक बनाए गए एक व्यक्ति को शनिवार को सकुशल छुड़ा लिया और तीन लाख रुपए की मांग करने वाली महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। ललितपुर जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मोहम्मद मुश्ताक ने शनिवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले लल्लू चौबे (50) नाम के व्यक्ति को कुछ लोगों ने शुक्रवार को झांसी बुलाकर बंधक बना लिया और उसे छोड़ने के बदले तीन लाख रुपए की फिरौती मांगी। उन्होंने बताया कि फिरौती के एक लाख रुपए भी दे दिए गए थे। अधिकारी ने बताया कि इस सिलसिले में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर बंधक को सकुशल मुक्त कराने के लिए पुलिस की चार टीमें लगाई गईं।

# हेमंत सोरेन सरकार ने घुसपैठियों के लिए लाल कालीन बिछायी है : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**रांची/भाषा।** झारखंड में हेमंत सोरेन नीत सरकार पर बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए लाल कालीन बिछाने का आरोप लगाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनते ही ऐसी ताकतों को खदेड़ दिया जाएगा।

शाह ने कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) पर यह झूठ फैलाने का भी आरोप लगाया कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) आदिवासियों के अधिकार छीन लेगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय जनता पार्टी आदिवासियों को इसके दायरे से बाहर रखेगी। उन्होंने पूर्व सिंहभूम के पोटका में एक चुनावी रैली में कहा, झामुमो नीत गठबंधन ने बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए लाल कालीन बिछायी है जो झारखंड में बस गए और उन्होंने आदिवासियों की जमीन, युवाओं का रोजगार हड़प लिया तथा राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने दीजिए। उन्हें खदेड दिया जाएगा और सीमा पार से एक परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा। अमित शाह ने कहा कि भाजपा भ्रष्ट कांग्रेस और झामुमो नेताओं को सलाखों के पीछे भेजेगी और गरीब लोगों से लूटा एक-एक पैसा वसूल करेगी।

## भाजपा ने झारखंड को नींबू की तरह निचोड़ दिया: हेमंत सोरेन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रांची/भाषा।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि इसने करीब दो दशक तक ''राज्य को नींबू की तरह निचोड़ा'' और गरीब राज्यों की कमर तोड़ दी है। सोरेन ने आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार विधायकों, सांसदों की खरीद-फरोख्त करके और सरकारें गिराकर ''डबल इंजन'' वाली सरकारें बनाती है तथा देश के संघीय ढांचे को नष्ट कर रही है।

सोरेन ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ विशेष साक्षात्कार में दावा किया, भाजपा ने पिछले 20 वर्षों में झारखंड को नींबू की तरह निचोड़ दिया लेकिन अब यह बंद होना होगा। गाय को हम खिलाते हैं और दूध वे ले जाते हैं। अब इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होंने झारखंड की संपदा को लूटा।

यह विडंबना ही है कि खनिज संसाधनों से समृद्ध झारखंड सबसे गरीब राज्यों में से एक बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया, हम संसाधनों – कोयला, लौह अयस्क, बॉक्साइट, डोलोमाइट से समृद्ध हैं लेकिन हमारा राजस्व संग्रह केंद्र सरकार की जीएसटी व्यवस्था से बाधित है जिसने झारखंड जैसे राज्यों की कमर तोड़ दी है। इसने हमारी वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए कुछ नहीं किया। सोरेन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बार-बार पत्र लिखने के बावजूद राज्य को 1.36 लाख करोड़ रुपए का कोयला बकाया अभी तक नहीं मिला है।

उन्होंने भाजपा पर ''सत्ता हथियाने के लिए विभाजनकारी राजनीति, हिंदू-मुस्लिम ध्रुवीकरण और सांप्रदायिक घृणा के तय एजेंडे'' पर काम करने का आरोप लगाया तथा दावा किया कि यह देश का दुर्भाग्य है कि स्वस्थ राजनीतिक प्रतिस्पर्धा खत्म हो रही है।

सोरेन ने आरोप लगाया, उनके (भाजपा) पास विकास, रोजगार या आर्थिक समृद्धि के लिए कोई एजेंडा नहीं है। उन्हें सिर्फ एक एजेंडा पता है और वह है विभाजन का। वे विभाजनकारी राजनीति की बात करते हैं, सांप्रदायिक नफरत को बढ़ावा देते हैं और हिंदू-मुस्लिम ध्रुवीकरण को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार ''एक आदिवासी मुख्यमंत्री का पांच साल का कार्यकाल पूरा करना पचा नहीं सकी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार को कमजोर करने के लिए समय से पहले चुनाव कराए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री सोरेन ने केंद्र सरकार पर ''खरीद फरोख्त में माहिर'' होने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, भाजपा नीत केंद्र सरकार खरीद-फरोख्त में माहिर है। वे विधायकों, सांसदों की खरीद-फरोख्त करने और सरकारें गिराने में विशेषज्ञ हैं।



## नोटबंदी और जीएसटी किसानों तथा मजदूरों को खत्म करने के हथियार: राहुल गांधी

**जमशेदपुर/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि नोटबंदी और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) पर उसकी नीतियां देश के किसानों, मजदूरों और गरीबों को खत्म करने के हथियार हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि देश में भाजपा-आरएसएस और 'इंडिया' गठबंधन की विचारधाराओं के बीच लड़ाई चल रही है, जो क्रमशः नफरत और प्रेम में विश्वास रखते हैं। उन्होंने दावा किया कि यह लड़ाई हिंसा और एकता के बीच है।

गांधी ने जमशेदपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, नरेन्द्र मोदी की नीतियां देश में बेरोजगारी फैलाने के लिए जिम्मेदार हैं। नोटबंदी, जीएसटी गरीबों, किसानों और मजदूरों को खत्म करने के हथियार हैं। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा-आरएसएस जाति, धर्म और भाषा के आधार पर देश को बांटने की राजनीति कर रहे हैं। कांग्रेस भारत के संविधान की रक्षा करना चाहती है जबकि भाजपा-आरएसएस इसे नष्ट करने पर तुले हुए हैं।

## उत्तर प्रदेश में गंगा नदी में अपशिष्ट बहाए जाने से जल की गुणवत्ता हो रही खराब : एनजीटी

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने कहा है कि अपशिष्ट या दूषित पानी बहाए जाने के कारण उत्तर प्रदेश में गंगा नदी में जल की गुणवत्ता खराब हो रही है। इससे पहले, गंगा में प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण पर विचार करते हुए, हरित अधिकरण ने उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से अनुपालन रिपोर्ट मांगी थी।

छह नवंबर के आदेश में, एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश की रिपोर्ट के अनुसार, प्रयागराज जिले में मलजल शोधन में 128 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) का अंतर है। 25 नालों से जिले में गंगा नदी में बिना शोधित मलजल गिरता है तथा 15 नालों से बिना शोधित मलजल यमुना नदी में बहता है। पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल भी शामिल हैं। अधिकरण ने कहा, हमने पाया है कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की 22 अक्टूबर की रिपोर्ट में बताए गए 326 नालों में से 247 नाले (राज्य में) बिना शोधित हैं और उनसे 3,513.16 एमएलडी मलजल गंगा नदी और उसकी सहायक नदियों में गिर रहा है। एनजीटी ने असंतोष जताते हुए राज्य के मुख्य सचिव को एक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें विभिन्न जिलों में प्रत्येक नाले, उनसे उत्पन्न सीवेज, उस सीवेज शोधन संयंत्र (एसटीपी) के बारे में जानकारी हो, जिनसे उन्हें जोड़ने का प्रस्ताव किया गया था।



## उत्तर प्रदेश: महाकुम्भ मेले में पहली बार तैनात होंगे 25 'जेट स्की'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**प्रयागराज/भाषा।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अगले वर्ष जनवरी में आयोजित होने वाले महाकुम्भ में स्नान के दौरान लोगों की सुरक्षा के लिए पहली बार 25 'जेट स्की' तैनात किए जा रहे हैं।

महाकुम्भ 14 जनवरी (मकर संक्रांति) से शुरू होगा।

जल पुलिस के प्रभारी जनार्दन प्रसाद साहनी ने बताया कि देश-दुनिया से यहां आने वाले स्नानार्थियों और साधु संतों के साथ स्नान के दौरान कोई अनहोनी ना हो, इसके लिए पहली बार महाकुम्भ में 'जेट स्की' उतारे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ये हाईटेक 'जेट स्की' पलक झपकते ही पानी में कहीं भी पहुंचने में सक्षम हैं। जल पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को अधिक चाक चौबंद किया जा रहा है।

साहनी ने बताया कि जल पुलिस की ओर से 25 जेट स्की की मांग की गई है जो इस वर्ष दिसंबर तक जल पुलिस के बेड़े में शामिल हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन 'जेट स्की' की सबसे खास बात यह है कि इसकी रफ्तार 70 किलोमीटर प्रति घंटे की होगी और ये इशारा मिलते ही जरूरतमंद तक तत्काल पहुंचने में सक्षम होंगे।

साहनी ने 'जेट स्की' के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इनमें एक शक्तिशाली इंजन लगा होता है, जो पानी को खींचकर पीछे के छोर से बाहर बाहर फेंकता है। उन्होंने बताया कि इसमें एक साथ तीन लोग सफर कर सकते हैं और आपात स्थिति में इसका चालक तेज गति से मौके पर पहुंचकर कम से कम दो लोगों को डूबने से बचाने में समर्थ रहता है।

## 'घुसपैठिये पिता और आदिवासी मां के बच्चों को आदिवासी अधिकारों से वंचित किया जाएगा'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रांची/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को कहा कि यदि उनकी पार्टी झारखंड में सत्ता में आई तो वह घुसपैठिये पिता और स्थानीय आदिवासी मां की संतानों को आदिवासी अधिकार नहीं देगी।

नड्डा ने पलामू जिले के बिश्रामपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नीत सरकार ने बांग्लादेशी घुसपैठियों को शरण दी है और उन्हें बाहर निकाला जाएगा। उन्होंने कहा, झारखंड में यदि भाजपा सत्ता में आई तो बांग्लादेशी घुसपैठिये पिता और आदिवासी मां के बच्चों को आदिवासी अधिकारों से वंचित कर दिया जाएगा। वह घुसपैठ को जारी नहीं रहने देगी।

नड्डा ने आरोप लगाया कि राज्य में झामुमो नीत सरकार में ''भ्रष्ट लोग और चोर'' शामिल हैं।

भारतीय जनता पार्टी प्रमुख ने कहा, झारखंड से 'सिंगल इंजन' की सरकार को हटाकर यहां सर्वांगीण विकास के लिए 'डबल इंजन' की सरकार लाने का समय आ गया है।

## तेजस्वी के 35 साल के होने पर लालू प्रसाद ने सोशल मीडिया पर किया भावुक पोस्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पटना/भाषा।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद ने अपने छोटे बेटे एवं संभावित उत्तराधिकारी तेजस्वी यादव के 35 साल के होने पर सोशल मीडिया पर एक भावुक संदेश पोस्ट किया।

झारखंड में विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए तेजस्वी शुक्रवार से पड़ोसी राज्य में हैं। इस बीच, उनके पिता एवं अविभाजित बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर खुला पत्र पोस्ट किया। राजद प्रमुख ने उम्मीद जताई कि उनका बेटा ''समाजवाद की मशाल को आगे बढ़ाते रहे'' और कहा, मैं जानता हूं कि तुम जो कहते हो वह करते हो...आज पूरा बिहार तुम्हारी तरफ उम्मीद भरी नजरों से देख रहा है, उनकी सारी उम्मीदों पर खरा उतरना। अपने चिर प्रतिद्वंद्वी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए प्रसाद ने कहा, व्यक्ति पद और सत्ता से नहीं, बल्कि विचार और चरित्र से बड़ा बनता है। सिद्धांतहीन व्यक्ति को ना आवाम दिलों में जगह देती है, ना इतिहास और जमात!'' राजद प्रमुख ने अपने बेटे एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री को यह सलाह भी दी, ''जब कभी भी तुम्हें लगे कि तुम हताश और निराश हो, बिना सोचे-समझे सीधे अपने जनता मालिकों के बीच चले जाना।

## कोचिंग में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म, दो आरोपी शिक्षक गिरफ्तार

**कानपुर/भाषा।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में राष्ट्रीय पात्रता सह परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रही नाबालिग छात्रा से कथित तौर पर दुष्कर्म के लिए एक कोचिंग संस्थान के दो प्रमुख शिक्षकों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि दो वर्ष पुरानी इस घटना के लिए शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी शिक्षकों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए शिक्षकों में से एक ने घटना का वीडियो बना इसको सार्वजनिक करने की धमकी देकर कथित तौर पर छह महीने से अधिक समय तक लड़की का यौन शोषण किया। आरोपी शिक्षकों की पहचान जीव विज्ञान शिक्षक साहिल सिद्दीकी और रसायन विज्ञान के शिक्षक विकास पोरवाल के रूप में हुई है।

# मौजूदा फॉर्म पर विराट कोहली की समीक्षा नहीं करें, ऑस्ट्रेलिया दौरा सब बदल सकता है : पोंटिंग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**दुबई/भाषा।** ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के चैम्पियन बल्लेबाज विराट कोहली का आकलन मौजूदा फॉर्म के आधार पर नहीं होना चाहिए क्योंकि वह पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला में दमदार वापसी कर सकते हैं।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यह श्रृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। भारतीय टीम को हाल ही में न्यूजीलैंड ने तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 3-0 से हराया। कोहली छह पारियों में 93 रन ही बना सके।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान पोंटिंग ने आईसीसी से कहा, मैं विराट के बारे में पहले भी बोल चुका हूं। आप महान खिलाड़ियों पर ऊंगली नहीं उठा सकते। इसमें कोई शक नहीं कि वह महान क्रिकेटर है। उन्होंने कहा, ''उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना पसंद है। ऑस्ट्रेलिया में उसका रिकॉर्ड भी बेहतरीन है। वह इस श्रृंखला में सब कुछ बदल सकता है। अगर विराट पहले ही मैच से रन बनाने लगे तो मुझे हैरानी नहीं होगी।

विराट ने इस साल की शुरुआत से छह टेस्ट में 22-72 की औसत से रन बनाए हैं जो 2011 में पदार्पण के बाद से उनका न्यूनतम औसत है। वह आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में भी दस साल में पहली बार शीर्ष 20 से बाहर हो गए हैं। पोंटिंग ने कहा, मैने विराट के बारे में एक आंकड़ा पढा। इसमें कहा गया कि पिछले पाच साल में उसने सिर्फ दो (तीन) टेस्ट शतक लगाए। यह सही नहीं लगता लेकिन अगर है तो चिंता की बात है। दुनिया में शीर्ष स्तर का कोई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट ऐसा नहीं होगा जिसने पांच साल में दो ही टेस्ट शतक लगाए हों।

न्यूजीलैंड से मिली हार के बारे में उन्होंने कहा कि स्पिनरों को खेलने में भारतीय बल्लेबाज कमजोर साबित हुए हैं। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि अब भारत के आधुनिक बल्लेबाज स्पिन को उस तरह से नहीं खेल पा रहे जैसे भारतीय बल्लेबाज खेला करते थे। शायद अब भारत की पिचें तेज गेंदबाजों की मददगार अधिक हैं।

## नीरज चोपड़ा ने चेक गणराज्य के दिग्गज जान ज़ेलेज़नी को अपना कोच नियुक्त किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने अगले सत्र की शुरुआत से पहले शनिवार को तीन बार के ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक जान ज़ेलेज़नी को अपना कोच नियुक्त किया।

चेक गणराज्य के 58 वर्षीय ज़ेलेज़नी को आधुनिक युग का सबसे महान भाला फेंक खिलाड़ी माना जाता है। उन्होंने अपने शानदार करियर में तीन ओलंपिक स्वर्ण पदक (1992, 1996, 2000) और इतने ही विश्व खिताब (1993, 1995, 2001) जीते। ज़ेलेज़नी के नाम इस स्पर्धा में 98.48 मीटर का विश्व रिकॉर्ड भी दर्ज है। चोपड़ा ने हाल तक जर्मन बायोमैकेनिक्स विशेषज्ञ क्लॉस बार्टोनिट्ज़ के साथ काम किया, जो उनके कोच की भूमिका भी निभा रहे थे। टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा ने कहा कि वह अपने शुरुआती दिनों से ज़ेलेज़नी के बहुत बड़े प्रशंसक थे और अपने कौशल को निखारने के लिए उनके वीडियो देखते थे। चोपड़ा ने कहा, मैं शुरू से ही जान की तकनीक और सटीकता का प्रशंसक रहा हूं। मैंने उनके वीडियो देखने में बहुत समय बिताया। वह इतने वर्षों तक इस खेल के शिखर पर रहे। मेरे लिए उनका साथ बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि हम दोनों की भाला फेंकने की शैली एक जैसी है तथा उनके पास अपार अनुभव है।

## सुविचार

**हर चीज में फर्क करना अच्छी बात नहीं, कुछ चीजें अलग होकर ज्यादा खूबसूरत लगती है।**

## ट्वीट

भगवान बलदाऊ जी की कृपा भूमि और हरिदास जी महाराज की साधना स्थली जनपद अलीगढ़ के खैर विधान सभा क्षेत्र की राष्ट्रवादी जनता को आज संबोधित किया। यहां की जनता-जनार्दन का संदेश स्पष्ट है- बटेंगे नहीं, एक रहेंगे-नेक रहेंगे, एक रहेंगे-सेफ रहेंगे।

-योगी आदित्यनाथ



देवभूमि उत्तराखंड के स्थापना दिवस पर राज्य के समस्त वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। धर्म, संस्कृति, प्रकृति और अध्यात्म का पर्याय यह प्रदेश निरंतर समृद्धि की ओर गतिमान रहे। गंगोत्री, यमुनोत्री और केदारनाथ आदि पावन धाम के आशीर्वाद से सभी खुशहाल रहें।

-ओम बिरला



## कहानी

# दम तोड़ती संवेदनाएं



राजन के मित्र और कभी सहकर्मी रहे साहिल की पत्नी सरला का असाध्य बीमारी के कारण युवा अवस्था में बारह दिन पहले निधन हो गया था। सरला के निधन के बाद बारहवें दिन राजन अपने मित्र से मिलने उसके शहर गया था। कल देर रात अपने शहर आने के बाद से ही साहिल का चेहरा और उसकी मनोदशा राजन की आंखों के सामने घूम रहे थे। साहिल कई दशक से राजन के पड़ोसी डॉ. अमर के एक भाई का लड़का अर्थात उनका सगा भतीजा है। दोपहर के समय राजन की अपनी पत्नी नेहा को साहिल के हालात और मनोदशा के बारे में बताते हुए आंखें नम हो गई थीं। सरकारी स्कूल में शिक्षिका सरला ने कुछ समय पूर्व ही अपनी नौकरी से स्वेच्छा से सेवानिवृत्ति ली थी। जबकि उसका सेवाकाल पूरा होने में अभी पांच वर्ष शेष बचे थे। उसने और साहिल ने अपने और बच्चों के भविष्य के लिए जो सपने संजोए थे उन्हे वह अपने जीवन के शेष बचे हुए समय में सच में बदलते देखना चाहती थी। लेकिन भविष्य के गर्भ में क्या छुपा है यह किसी को नहीं पता होता। कुछ ही समय बाद सरला एक असाध्य रोग का शिकार हो गई। जिसने उसकी ज़िंदगी का तीन माह से कम समय में अंत कर दिया। उसे बचाने के सभी संभव प्रयास असफल रहे। उसके जाने के बाद साहिल के लिए अकेले अब उन बिखरे हुए सपनों को इकट्ठा कर मूर्त रुप देना असंभव ही नहीं बल्कि नामुमकिन सा लगता है। अपने घर को बनाने और संवारने में सरला का हर तरह से योगदान किसी से छुपा नहीं था। साहिल के राजधानी में खुद के बड़े घर में हर चीज अपनी जगह व्यवस्थित है। कमी है तो सरला की जिसका दर्द परिवारजनों को उम्र भर सालता रहेगा। कुछ ही दिनों में उनके बच्चे अपने काम में लग जाएंगे और खालीपन का अहसास केवल साहिल को होगा। अंग्रेजी में कहते हैं ओनली वीअरर नोज़ व्हेअर दी शू पिंचेज , जिसके साथ बीतती है उसका दर्द वही जानता है।

कुछ समय बाद राजन ने जब फेसबुक पर मित्रों की पोस्ट को देखना शुरु किया तो वह एक पोस्ट देखकर अचंभित रह गया। वह पोस्ट डॉ.अमर के दूसरे भाई के लड़के अर्थात उनके भतीजे राजेश की थी। राजेश उसमें फेसबुक लाइव में एक वीडियो दिखा रहा था। राजन उत्सुकता से वह वीडियो देखने लगा। वीडियो में डॉ. अमर एक स्थानीय संस्थान के समारोह में चिकित्सा के क्षेत्र में अपने उल्लेखनीय कार्य के लिए पुरस्कृत हो रहे थे। जिसमें उन्हे शॉल , श्रीफल और राशि प्रदान किए गए थे। समारोह में उनके और राजेश के परिवार के सदस्य मौजूद थे। राजन ने पूरा वीडियो देखे बिना अपना मोबाइल बंद कर दिया। एक बार तो उसे विश्वास ही नहीं हुआ कि उसने जो देखा वह सच था ? कहीं उसने कोई बुरा स्वप्न तो नहीं देखा ? ऐसा कैसे हो सकता है ? सरला की तेरहवीं के दिन यह परिवार इतना संवेदनहीन कैसे हो सकता है ? उसके दिमाग में डॉ. अमर के परिवार को लेकर कई तरह के सवाल जन्म लेने लगे। जिनका उसके पास कोई जवाब नहीं था। यह सब सोचते हुए उसकी आंखों के सामने डॉ. अमर के परिवार से सम्पर्क और संबंध की जानकारी चलचित्र की तरह चलने लगे।

चिकित्सक के एक अति संवेदनशील पेशे से जुड़े अपनी उम्र के नब्बे दशक पूरे कर चुके डॉ. अमर स्थानीय सरकारी मेडिकल कॉलेज के मेडिसीन विभाग के विभागाध्यक्ष रहे हैं। सरकारी नौकरी में रहते हुए भी उन्होंने घर पर मरीज देखना (प्राइवेट प्रैक्टिस) कभी नहीं छोड़ी। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि अपने समय में एक डॉक्टर द्वारा की जाने वाली प्राइवेट प्रैक्टिस के वह जनक रहे हैं। हॉस्पिटल में अपने आउटडोर के दिन वहां कम समय बैठना उनकी आदत में शुमार था। अपने जूनियर डॉक्टर और स्टूडेंट्स द्वारा मरीज को डॉ.अमर के घर दिखाने के लिए कहलवाने में उन्हे कतई किसी तरह की शंका या शर्म महसूस नहीं हुई। उनके मित्र और जानकार बताते हैं कि अपने समय में उन्होंने बिना फीस लिए कभी मरीज को नहीं देखा। किसी जानकार मरीज से फीस नहीं ले पाने वाली स्थिति में वे उसे किसी दूसरे डॉक्टर को दिखाने का कह देते थे। रुपये भले ही कैसे या किसी भी माध्यम से आए इनसे उन्हे हमेशा लगाव रहा है। जो उनकी उम्र के इस पड़ाव पर आकर भी शायद बढ़ता ही जा रहा है

सरकारी नौकरी से सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होने अपना अधिकतम समय अपने घर पर मरीज देखने में ही बिताया। पिछले कुछ समय से उन्होने अपने गिरते स्वास्थ्य के कारण मरीज देखना बंद कर दिया है। अपने कार्य के प्रति उनके समर्पण का इससे बड़ा उदाहरण क्या होगा कि कुछ वर्ष पूर्व जब बड़ी भाभी और बाद में बहिन के निधन के बाद संबंधित घर पर चल रहे गरुण पुराण पाठ और बैठक के समय वे अपने घर पर मरीज देख रहे होते थे। पारिवारिक संबंधो में उनकी रुचि और संवेदनाएं यहीं पता चल जाती है। पूर्व में भी परिवार में उनके द्वारा प्रस्तुत अकल्पनीय बहुत उदाहरण देखने और सुनने को मिले हैं। उनके इस तरह के व्यवहार में उनके पुत्र का पूरा समर्थन होता है। डॉ.अमर को अपने एक शिष्य द्वारा गुरु दक्षिणा के रुप में मिली पुत्र की सरकारी नौकरी को कर रहे पुत्र के बौद्धिक स्तर , योग्यता और व्यवहार के बारे में उनके परिवार को जानने वाले सभी लोग जानते हैं। पुत्र और उसका परिवार डॉ. अमर के नाम के सहारे ही सुकून की ज़िंदगी जी रहा है।

वर्तमान समय में अपने परिवार में अपनी पीढ़ी के बचे एकमात्र बुजुर्ग व्यक्ति डॉ. अमर ही हैं। अपने सगे भतीजे की पत्नी सरला की युवा अवस्था में निधन के तेरहवें दिन एक संस्थान के समारोह में जाकर पुरस्कृत होना उनकी मानवीय संवेदनाओं के बारे में खुद ब खुद बयाँ करता है। किसी भी पारिवारिक कार्यक्रम में अपने स्वास्थ्य ठीक नहीं होने के कारण वहां जाने में असमर्थता दिखाने वाले डॉ. अमर को शॉल , श्रीफल और राशि तो संस्थान उनके समारोह में नहीं जाने पर बाद में उनके घर पर आकर भी दे सकती थी। लेकिन पता नहीं वे पुरस्कृत होने के लिए वहां जाकर क्या दिखना, दिखाना और प्राप्त करना चाहते थे ? उन्हे पुरस्कृत करना संस्थान के लिए जरुरी हो सकता था लेकिन वर्तमान पारिवारिक माहौल में डॉ.अमर के लिए पुरस्कृत होना जरुरी नहीं था। अपने भतीजे साहिल को इतने दिनों में सांत्वना और संवेदना के दो शब्द कहना तो दूर की बात है वे समारोह में पूरे जोश के साथ भाषण देते जरुर दिखाई दे रहे थे।

अपनी उम्र के जिस पड़ाव पर डॉ. अमर को मुख्य या विशिष्ट अतिथि के रुप में अन्य योग्य व्यक्तियों को पुरस्कार देने चाहिए इसके विपरीत वे खुद पुरस्कार पाने की अंधी दौड़ में शामिल हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि उनके भीतर एक अजीब सी लालसा है। लालसा के इस कीड़े ने उनकी संवेदनाओं को गहराई तक खोखला कर दिया है। जिसके कारण मानवीय मूल्य भी उनके सामने धुंधला चुके हैं। राजेश द्वारा समारोह की फेसबुक लाइव पोस्ट भी समझ से परे है। वर्तमान पारिवारिक माहौल में जहां एक सदस्य का परिवार शोक में डूबा है वहीं क्या दूसरी और अन्य सदस्य समारोह में शामिल होकर अपनी योग्यता , वीडियोग्राफी में दक्षता या मोबाइल कैमरे की क्वालिटी बता रहे थे ? क्या परिवार की परिभाषा क्या इतनी सीमित हो गई और उसके मायने बदल गए हैं ? या संवेदनाएं ही मर गई हैं ? वे सभी अपने इस व्यवहार से परिवार और समाज में क्या संदेश देना चाहते हैं ?

डॉ. अमर ने परिवार विशेष में सबसे बुजुर्ग होने के बाद जो उदाहरण पेश किया क्या वह मानवीय संवेदना के दायरे में आता है ? इस तरह के अनेक सवाल हैं जिनके डॉ. अमर और राजेश के परिवारजनों के लिए कोई मायने नहीं हैं। अपनी सुविधानुसार सामाजिक मान्यताओं को दरकिनार करते हुए वे इसे नहीं मानते हुए तर्क दे सकते हैं , और देंगे भी , कि सरला के निधन को बारह दिन हो चुके थे। उन्होने कुछ भी गलत नहीं किया। कई परिवारों में तो तीन दिन के बाद ही सब सामान्य हो जाता है।

यह भी शास्वत सत्य है कि गुजरता समय बड़े - बड़े घावों को भर देता है। साहिल और उसका परिवार भी समय के साथ संभल जाएगा। समय अपनी रफ्तार के साथ चलता रहेगा। जीवन को उसके साथ सामंजस्य बैठाना पड़ता है। साहिल के जीवन में सरला के नहीं रहने से आए खालीपन को कोई नहीं भर पाएगा। साहिल और उसके सगे भाइयों को डॉ. अमर और राजेश के परिवारजनों की संवेदनाओं के बारे में आज नहीं तो कल पता चल ही जाएगा। राजन उन्हे जितना जानता है , यह तय है कि इस पर उनकी जो प्रतिक्रिया होगी उसके मायने बहुत गहरे होंगे। चिकित्सक जैसे संवेदनशील पेशे से लंबे समय से जुड़े रहने और परिवार के बुजुर्ग होने के बाद डॉ.अमर की अपने ही भाई के परिवार के प्रति इस तरह की संवेदना अप्रत्याशित ही है। ऐसा प्रतीत होता है कि उनकी संवेदनाएं दम तोड़ चुकी हैं। अचानक पड़ोस में लोगों की आवाजाही की आवाज से राजन वर्तमान में लौटा। उसने खिड़की से बाहर देखा तो पाया कि डॉ. अमर मुस्कुराते हुए अपने परिवारजनों के साथ समारोह से पुरस्कृत होकर अपने घर आ गए थे। संस्थान के कुछ लोग उन्हे उनके घर तक छोड़ने आए थे। यह सब देख राजन ने खिड़की बंद कर दी। उसकी नम आंखों से आंसू उसके चेहरे पर ढुलक गए।

**सुधीर केवलिया**
फोन नं. : 09413279217



## संजय उवाच

संजय भारद्वाज
9890122603
writersanjay@gmail.com



# नर में नारायण

कई वर्ष पुरानी घटना है। शहर में खाद्यपदार्थों की प्रसिद्ध दुकान से कुछ पदार्थ बड़ी मात्रा में खरीदने थे। संभवत: कोई आयोजन रहा होगा। सुबह जल्दी वहाँ पहुँचा। दुकान खुलने में अभी कुछ समय बाकी था। समय बिताने की दृष्टि से टहलते हुए मैं दुकान के पिछवाड़े की ओर निकल गया। देखता हूँ कि वहाँ फुटपाथ पर रहने वाले बच्चों की लंबी कतार लगी हुई है। लगभग 30-40 बच्चे होंगे। कुछ समय बाद दुकान का पिछला दरवाज़ा खुला। खुद सेठ जी दरवाज़े पर खड़े थे। हर बच्चे को उन्होंने खाद्य पदार्थ का एक पैकेट देना आरंभ किया। मुश्किल से 10 मिनट में सारी प्रक्रिया हो गई। पीछे का दरवाज़ा बंद हुआ और आगे का शटर ग्राहकों के लिए खुल गया।

मालूम हुआ कि वर्षों से इस दुकान की यही परंपरा है। दुकान खोलने से पहले सुबह बने ताज़ा पदार्थों के छोटे-छोटे पैक बनाकर निर्धन बच्चों के बीच वितरित किए जाते हैं।

सेठ जी की यह साक्षात पूजा भीतर तक प्रभावित कर गई।

अथर्ववेद कहता है,

।।ॐ।। यो भूतं च भव्य च सर्व यश्चाधितिष्ठति।।
स्वर्यस्य च केवलं तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मणे नम:।। -(अथर्ववेद 10-8-1)

अर्थात जो भूत, भविष्य और सब में व्याप्त है, जो दिव्यलोक का भी अधिष्ठाता है, उस ब्रह्म (परमेश्वर) को प्रणाम है।

योगेश्वर का स्पष्ट उद्घोष है-

यो मां पश्यति सर्वत्र सर्वं च मयि पश्यति।
तस्याहं न प्रणश्यामि स च मे न प्रणश्यति।।(श्रीमद्भगवद्गीता-6.30)

अर्थात जो सबमें मुझे देखता है और सबको मुझमें देखता है, उसके लिये मैं अदृश्य नहीं होता और वह मेरे लिये अदृश्य नहीं होता।

वस्तुत: हरेक की श्वास में ठाकुर जी का वास है। इस वास को जिसने जान और समझ लिया, वह दुकान का सेठजी हो गया।

... नर में नारायण देखने, जानने-समझ सकने का सामर्थ्य ईश्वर हरेक को दें।...तथास्तु!

## बोध कथा

# धोखेबाज काजी

एक बार की बात है, मुगल दरबार में बादशाह अकबर अपने दरबारियों के साथ किसी मुद्दे पर चर्चा कर रहे थे। उसी समय वहां एक किसान अपनी फरियाद लेकर आया और बोला, महाराज न्याय करो। मुझे इंसाफ चाहिए। यह सुनकर बादशाह अकबर बोले कि क्या हुआ। किसान बोला, महाराज मैं एक गरीब किसान हूं। कुछ समय पहले मेरी पत्नी का निधन हो गया और अब मैं अकेला रहता हूं। मेरा मन किसी भी काम में नहीं लगता है। इसलिए, एक दिन मैं काजी साहब के पास गया। उन्होंने मन की शांति के लिए मुझे यहां से काफी दूर स्थित एक दरगाह में जाने के लिए कहा। उनकी बात से प्रभावित होकर मैं दरगाह जाने के लिए तैयार हो गया, लेकिन साथ ही मुझे इतने वर्षों तक मेहनत करके कमाए सोनी के सिक्कों के चोरी होने की चिंता सताने लगी। जब मैंने यह बात काजी साबह को बताई, तो उन्होंने कहा कि वह सोने के सिक्कों की सुरक्षा करेंगे और उसके वापस आने पर लौटा देंगे। इस पर मैंने सभी सिक्के एक थैली में डालकर उन्हें दे दिए। एहतियात के तौर पर काजी साहब ने मुझे थैली पर मुहर लगाने को कहा।

बादशाह अकबर बोले, अच्छा तो फिर क्या हुआ? किसान ने कहा, महाराज मैंने मुहर लगाकर थैली उन्हें दे दी और दरगाह के दर्शन करने यात्रा पर चला गया। फिर जब कुछ दिनों बाद वापस आया, तो काजी साहब ने थैली वापस दे दी। मैं थैली लेकर घर लौटा और उसे खोला, तो उसमें सोने के सिक्कों की जगह पत्थर थे। मैंने इस बारे में काजी साहब से पूछा, तो उन्होंने गुस्से में कहा कि तुम मुझ पर चोरी का इल्जाम लगाते हो। इतना कह कर उन्होंने अपने नौकरों को बुलाया और मुझे मार-मार कर वहां से भगा दिया। किसान ने रोते हुए कहा, महाराज मेरे पास जमा-पूंजी के नाम पर बस वही सोने के सिक्के थे। मेरे साथ न्याय करें महाराज।

किसान की बात सुनकर बादशाह अकबर ने बीरबल को मामला सुलझाने के लिए कहा। बीरबल ने किसान के हाथों से थैली लेकर उसे अंदर से देखा और महाराज से थोड़ा-सा समय मांगा। शहंशाह अकबर ने बीरबल को दो दिन का समय दिया। घर जाकर बीरबल ने एक फटा हुआ कुर्ता अपने नौकर को दिया और कहा, इसे अच्छे से रफू करवा कर लाओ। नौकर कुर्ता लेकर चला गया और कुछ देर बाद उसे रफू करवा कर वापस आ गया। बीरबल कुर्ते देखकर खुश हो गए। कुर्ता इस प्रकार से रफू किया गया था कि मानों फटा ही न हो। यह देखकर बीरबल ने नौकर से उस दर्जी को बुलाकर लाने को कहा। नौकर कुछ ही देर में दर्जी को लेकर आ गया। बीरबल ने उससे कुछ पूछा और वापस भेज दिया।

अगले दिन बीरबल दरबार पहुंचे और सैनिक से काजी व किसान दोनों को दरबार में लेकर आने का आदेश दिया। कुछ ही देर में सैनिक काजी व किसान को साथ ले आया। इसके बाद बीरबल ने सैनिक से दर्जी को भी बुलाने के लिए कहा। यह सुनते ही काजी के होश उड़ गए। दर्जी के आते ही बीरबल ने उससे पूछा, क्या काजी ने तुम्हें कुछ सिलने के लिए दिया था? तब दर्जी ने कहा, कुछ महीने पहले मैंने इनकी सिक्कों वाली थैली को सिया था। इसके बाद जब बीरबल ने जोर देकर काजी से पूछा, तो उसने डर के मारे सब कुछ सच-सच बता दिया।

काजी ने कहा, महाराज, मैं एक साथ इतने सारे सोने के सिक्के देखकर लालची हो गया था। मुझे माफ कर दो। बादशाह अकबर ने काजी को आदेश दिया कि वह किसान को उसके सोने के सिक्के लौटाए और साथ ही काजी को एक वर्ष कारावास की सजा सुनाई। इसके बाद एक बार फिर सभी ने बीरबल की बुद्धि की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

**कहानी से सीख:**


कभी लालच नहीं करना चाहिए और न ही किसी के साथ धोखा करना चाहिए। गलत काम के बदले एक न एक दिन सजा जरूर भुगतनी पड़ती है।



# ज्ञानी बालक

कई वर्षों पहले की बात है। युधिष्ठिर नाम का एक राजा हुआ करता था। उसे शिकार का बड़ा शौक था। एक बार वह अपने सैनिकों के साथ शिकार के लिए जंगल गया हुआ था। वो जंगल काफी घना था। शिकार की तलाश में वह जंगल में काफी अंदर तक चला गया था। तभी वहां अचानक तेज तूफान आ गया। सब तितर-बितर हो गए। जब बारिश रुकी तो राजा ने देखा कि उसके आस-पास कोई भी नहीं है। राजा अकेला था। उसके सैनिक उससे बिछड़ गए थे। शिकार की तलाश में भटकने की वजह से राजा थक भी गया था। भूख और प्यास के मारे उसका बुरा हाल हो रहा था। तभी उसे तीन लड़के आते दिखे। राजा उनके पास गया और बोला कि भूख और प्यास के मारे मेरी जान निकल रही है। क्या मुझे कुछ खाना और पानी मिल सकता है। लड़कों ने बोला क्यों नहीं और वे भागकर अपने घर गए और राजा के लिए भोजन और पानी लेकर आए। खाना खाने के बाद राजा बहुत खुश हुआ और उसने उन लड़कों को बताया कि वह फतेहगढ़ का राजा है और तीनों ने जो उसकी मदद की उससे वह बहुत खुश है।

राजा ने तीनों लड़कों की सेवा से खुश होकर उन्हें बदले में कुछ मांगने के लिए कहा। इसपर पहले लड़के ने राजा से ढेर सारा धन मांगा, ताकि वह आराम से अपना जीवन व्यतीत कर सके। इसके बाद, दूसरे लड़के ने घोड़ा और बंगले की मांग की, लेकिन तीसरे लड़के ने राजा से धन, दौलत की जगह ज्ञान मांगा। उसने बोला राजा मैं पढ़ना चाहता हूं। राजा राजी हो गया। उसने पहले लड़के को वादानुसार बहुत सारा धन दिया। दूसरे लड़के को बंगला और गोड़ा दिया और तीसरे लड़के के लिए टीचर की व्यवस्था कर दी। बहुत दिन बीतने के बाद एक दिन अचानक राजा को जंगल वाली घटना याद आई, तो उसने उन तीनों लड़कों से मिलना चाहा। उसने तीनों को खाने पर आमंत्रित किया। तीनों लड़के एक साथ आए और खाना खाने के बाद राजा ने तीनों से उनका हाल लिया। इस पर पहला लड़का दुखी होकर बोला- इतना धन पाने के बाद भी आज मैं गरीब हूं। राजा जी आपने जितना धन दिया था अब वह खत्म हो चुका है। मेरे पास कुछ नहीं बचा। राजा ने दूसरे लड़के की तरफ देखा तो उसने कहा- आपके द्वारा दिया गया गोड़ा चोरी हो गया और बंगला बेचकर जो पैसा आया वो भी कुछ खर्च हो चुका है और बचा हुआ भी जल्द खत्म हो जएगा।



## वीर गाथा

# सूबेदार जगत बहादुर घाले: एलओसी पर ही कर दिया लश्कर के 6 आतंकियों का खात्मा

भारत माता की अनेक बलिदानी संतानों में से एक थे सूबेदार जगत बहादुर घाले, जिनके मन में देशसेवा की इतनी गहरी लगन थी कि वे स्कूली शिक्षा पूरी करते ही भारतीय सेना में भर्ती हो गए थे। उन्हें 5 गोरखा राइफल्स रेजिमेंट की 6/5 जीआर बटालियन में शामिल किया गया था, जिसके जवानों ने जंग के मैदान में बड़े-बड़े कीर्तिमान रचे हैं। वे समयानुसार तरक्की पाते हुए साल 2004 तक सेना में दो दशकों से ज्यादा सेवा दे चुके थे। सूबेदार घाले उसी साल अपनी यूनिट के साथ जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में तैनात थे। बटालियन की जिम्मेदारी वाले क्षेत्र में नियंत्रण रेखा भी शामिल थी, जहां से आए दिन पाकिस्तानी आतंकवादी घुसपैठ की कोशिशें करते थे।

भारतीय सेना के जवान उनकी हरकतों पर कड़ी नजर रखते और उचित समय पर उनका संहार कर देते थे। इसके लिए जवानों को नियमित सशस्त्र गश्त करनी होती थी। छह नवंबर, 2004 की रात को लश्कर-ए-तैयबा के छह आतंकवादियों ने एलओसी के पास राजावर जंगलों के रास्ते घुसपैठ की कोशिश की थी।

उस समय सूबेदार घाले वहीं तैनात थे। उन्होंने तुरंत खतरे को भांप लिया और जवाबी कार्रवाई करने की योजना बना ली थी। उन्होंने अपने साथी जवानों को आदेश दिया कि आतंकवादियों को थोड़ा और नजदीक आने दें, उसके बाद ही कार्रवाई करेंगे। जैसे ही आतंकवादी नजदीक आए, सूबेदार घाले ने जवानों को गोलीबारी करने का संकेत दे दिया।

आतंकवादी ऐसे घातक हमले के लिए तैयार नहीं थे। सूबेदार घाले ने दो आतंकवादियों को मार गिराया। इस दौरान वे आतंकवादियों की गोलीबारी में घायल भी हुए। इसके बावजूद उन्होंने हमला जारी रखा तथा एक और आतंकवादी को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

सूबेदार घाले से प्रेरित होकर उनके जवानों ने बाकी आतंकवादियों का वहीं खात्मा कर दिया। मिशन सफल हुआ, लेकिन इस दौरान घाले का काफी खून बह चुका था। वे कुछ समय बाद वीरगति को प्राप्त हो गए। एक बहादुर सैनिक और दृढ़ निश्चयी अधिकारी सूबेदार जगत बहादुर घाले अपने कर्तव्य की राह में अमर हो गए। उन्हें 'कीर्ति चक्र' से सम्मानित किया गया।



महत्त्वपूर्ण
Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टेंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।
- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

प्रचार



अभिनेता और राजनेता गोविंदा मुंबई में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले मुंबादेवी विधानसभा क्षेत्र के लिए शिवसेना और महायुति उम्मीदवार शाइना एनसी के समर्थन में प्रचार करते हुए।

# 67वें ग्रैमी पुरस्कार के लिए नामित किए गए रिकी केज और अनुष्का शंकर

लॉस एंजिलिस/भाषा। ग्रैमी पुरस्कार के 67वें संस्करण में भारतीय-अमेरिकी संगीतकार रिकी केज और अनुष्का शंकर को नामित गया है। रिकॉर्डिंग एकेडमी ने शुक्रवार को बताया कि तीन बार ग्रैमी पुरस्कार जीत चुके केज को ''ब्रेक ऑफ डॉन'' के लिए बेस्ट न्यू एज, एम्बिएंट या चैंट एल्बम श्रेणी में चौथी बार नामित किया गया है। इस श्रेणी में राधिका वेकारिया की 'वॉरियर्स ऑफ लाइट' और उद्यमी एवं संगीतकार चंद्रिका टंडन की 'त्रिवेणी' को भी नामित किया गया है। बांसुरी वादक वाउटर केलरमैन और सेलो वादक इरु मात्सुमोतो के सहयोग से 'त्रिवेणी' को तैयार किया गया था।

अनुष्का शंकर को गायक और गीतकार जैकब कोलियर के गाने 'ए रॉक समव्हेयर' में प्रमुख भूमिका के लिए भी अतिरिक्त नामांकन मिला है। इस गाने में गायिका वरीजाश्री वेणुगोपाल भी शामिल हैं। इस पुरस्कार में वह पहली बार नामित हुई हैं। 'ए रॉक समव्हेयर' गीत को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस की श्रेणी में नामित किया गया है।

ग्रैमी पुरस्कार दो फरवरी, 2025 को लॉस एंजिल्स के क्रिप्टो डॉट कॉम एरिना में आयोजित किया जाएगा।

प्रदर्शन



पटना में गुरु गोविंद सिंह की जयंती समारोह से पहले नगर कीर्तन जुलूस के दौरान सिख श्रद्धालु अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए।

# टाटा भारतीय उद्यमशीलता की बेहतरीन परंपराओं के प्रतीक थे : मोदी

नई दिल्ली/भाषा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा को विश्वसनीयता, उत्कृष्टता और बेहतरीन सेवा के प्रति प्रतिबद्धता वाला भारतीय उद्यमशीलता की बेहतरीन परंपराओं का प्रतीक बताया। रतन टाटा का पिछले महीने आज ही के दिन निधन हो गया था। टाटा समूह के पूर्व अध्यक्ष को श्रद्धांजलि देते हुए मोदी ने लिखा कि उनकी कमी न केवल भारत में, बल्कि दुनियाभर में महसूस की जा रही है।

प्रधानमंत्री ने अपनी वेबसाइट पर 'श्री रतन टाटा को श्रद्धांजलि' नामक लेख में कहा कि टाटा आज भी उन जिंदगियों और सपनों में जीवित हैं, जिन्हें उन्होंने सहारा दिया और जिनके सपनों को साकार किया। उन्होंने कहा कि भारत को एक बेहतर, सहृदय और उम्मीदों से भरी भूमि बनाने के लिए आने वाली पीढ़ियां उनकी सदैव आभारी रहेंगी। उन्होंने कहा कि शहरों, कस्बों से लेकर गांवों तक समाज के हर वर्ग के लोग उनकी कमी को गहराई से महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चाहे कोई उद्योगपति हो, उभरता हुआ उद्यमी हो या कोई पेशेवर हो, हर किसी को उनके निधन से दुख हुआ है।

मोदी ने कई स्टार्टअप समेत पर्यावरण तथा समाज सेवा के क्षेत्रों में टाटा के निवेश का हवाला देते हुए कहा कि पर्यावरण रक्षा से जुड़े लोग और समाज सेवा से जुड़े लोग भी उनके निधन से उतने ही दुखी हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि टाटा ने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी, जहां व्यापार अच्छे कार्यों के लिए एक शक्ति के रूप में काम करे और जहां प्रत्येक व्यक्ति की क्षमता को महत्व दिया जाए और जहां प्रगति का आकलन सभी के कल्याण एवं खुशी के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए रतन टाटा एक प्रेरणास्रोत थे, जो याद दिलाते हैं कि कोई सपना ऐसा नहीं जिसे पूरा न किया जा सके। उन्होंने कहा कि रतन टाटा ने सभी को सिखाया है कि विनम्र स्वभाव के साथ दूसरों की मदद करते हुए भी सफलता पाई जा सकती है।

मोदी ने कहा कि दूसरों के लिए वह भारतीय उद्यमशीलता की बेहतरीन परंपराओं के प्रतीक थे तथा विश्वसनीयता, उत्कृष्टता और बेहतरीन सेवा जैसे मूल्यों के अडिग प्रतिनिधि थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि टाटा के नेतृत्व में, टाटा समूह दुनियाभर में सम्मान, ईमानदारी और विश्वसनीयता का प्रतीक बनकर नई ऊंचाइयों पर पहुंचा। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद, उन्होंने अपनी उपलब्धियों को पूरी विनम्रता और सहजता के साथ स्वीकार किया।

प्रधानमंत्री ने टाटा द्वारा भारत के स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र का मार्गदर्शन करने और भविष्य की संभावनाओं से भरे उद्यमों में निवेश का उल्लेख करते हुए कहा कि दूसरों के सपनों का खुलकर समर्थन करना टाटा के सबसे शानदार गुणों में से एक था। मोदी ने कहा, टाटा ने युवा उद्यमियों की आशाओं और आकांक्षाओं को समझा और साथ ही भारत के भविष्य को आकार देने में उनकी क्षमता को पहचाना। भारत के युवाओं के प्रयासों का समर्थन करके, उन्होंने नए सपने देखने वाली पीढ़ी को जोखिम लेने और सीमाओं से परे जाने का हौसला दिया। उनके इस कदम ने भारत में नवोन्मेष और उद्यमिता की संस्कृति विकसित करने में बड़ी मदद की है। उन्होंने कहा, आने वाले दशकों में हम भारत पर इसका सकारात्मक प्रभाव जरूर देखेंगे। मोदी ने कहा कि टाटा ने उत्कृष्टता पर जोर देते हुए भारतीय उद्यमों को वैश्विक मानक स्थापित करने का रास्ता दिखाया। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह दूरदृष्टि देश की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करेगी और भारत विश्वस्तरीय गुणवत्ता के लिए अपनी पहचान मजबूत करेगा।

प्रधानमंत्री ने पशुओं के प्रति टाटा के प्रेम और करुणा भाव को भी याद किया। उन्होंने कहा, रतन टाटा का जीवन इस बात की याद दिलाता है कि नेतृत्व का आकलन केवल उपलब्धियों से ही नहीं किया जाता है, बल्कि सबसे कमजोर वर्ग की देखभाल करने की उसकी क्षमता से भी किया जाता है। टाटा की देशभक्ति को सलाम करते हुए मोदी ने कहा कि यह संकट के समय में सबसे अधिक चमकी। उन्होंने कहा कि 26/11 आतंकवादी हमलों के बाद उनके द्वारा मुंबई के प्रतिष्ठित ताज होटल को पूरी तत्परता के साथ फिर से खोलना इस राष्ट्र के एकजुट होकर उठ खड़े होने का प्रतीक था।

# कांग्रेस कंस के समान, हमेशा सनातन संस्कृति का विरोध किया : मोहन यादव

भोपाल/इंदौर/भाषा। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार को कांग्रेस की तुलना पौराणिक कथाओं में भगवान कृष्ण के दुष्ट मामा कंस से की और आरोप लगाया कि पार्टी ने हमेशा सनातन संस्कृति का विरोध किया।

बुधनी विधानसभा सीट के सतराना और लाडकुई गांवों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए प्रचार कर रहे यादव ने कहा कि कांग्रेस के नेता भगवान राम की पूजा नहीं करते और न ही अयोध्या जाते हैं। यादव ने मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि मंदिर का संदर्भ देते हुए कहा, जमुना जी (मथुरा के) के कृष्ण कन्हैया अभी भी बचे हुए हैं। उन्होंने कहा, हमने कंस नहीं देखा लेकिन इन कांग्रेसियों को देखिए। कंस और कांग्रेस में कोई अंतर नहीं है। वे एक ही विचारधारा और भावनाओं के हैं।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेसियों ने हमेशा अच्छी चीजों और सनातन संस्कृति का विरोध किया है। उन्होंने कहा, वह (कांग्रेस) देश में दरार और विभाजन पैदा करते हैं। वह लोगों को आपस में लड़वाते हैं।

यादव ने दावा किया कि कांग्रेस की सरकार में कोई भी वर्ष बिना दंगे के नहीं बीता।

मुख्यमंत्री ने कहा, हमारे शासन में ऐसे दंगे नहीं होते। हमारी सरकार सबको साथ लेकर चलती है। पाकिस्तान जैसा छोटा देश हमें डराता था। अब हम उनके इलाके में घुसकर माकूल जवाब देते हैं। उन्होंने लोगों से कांग्रेस के 55 साल के शासन के दौरान किए गए कार्यों के बारे में सवाल करने का भी आग्रह किया और दावा किया कि विपक्ष का विकास से कोई लेना-देना नहीं है।

यादव ने कहा कि भाजपा ने 20 साल में राज्य और बुधनी विधानसभा सीट की सूरत बदल दी।

मुख्यमंत्री ने इंदौर में एक अन्य रैली में भरोसा जताया कि भाजपा झारखंड और महाराष्ट्र में सरकार बनाएगी।

यादव ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा,''चारों ओर भाजपामय माहौल है। मैं अपने चुनावी दौरों के अनुभव से बता सकता हूं कि झारखंड और महाराष्ट्र में निश्चित तौर पर भाजपा की सरकार बनने जा रही है।




# फ़िल्म 'कंगुवा' 10,000 स्क्रीन पर रिलीज होकर बनाएगी नया रिकॉर्ड

मुंबई/एजेन्सी

स्टूडियो ग्रीन की फ़िल्म कंगुवा 10,000 स्क्रीन पर रिलीज होगी। मच अवेटेड एपिक फिल्म कंगुवा 10,000 स्क्रीन पर ग्लोबल रिलीज के जरिए एक नया रिकॉर्ड कायम करने वाली है। निर्देशक शिव की इस भव्य फिल्म में दक्षिण भारतीय फिल्मों के मेगास्टार सूर्या का शानदार एक्शन देखने को मिलेगा, और इसे इंडिया और इंटरनेशनल मार्केट्स में बड़ा धमाका करने की उम्मीद है। कंगुवा अपनी 10,000 स्क्रीन की रिलीज के साथ, बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वाली हाल की ब्लॉकबस्टर फिल्मों जैसे जवान, आरआरआर और केजीएफ चैप्टर 2 की लिस्ट में शामिल हो रही है। इसके मेगा प्रोडक्शन, बेहतरीन विजुअल्स और दिलचस्प कहानी ने पहले से ही दुनियाभर के दर्शकों में खासा उत्साह पैदा कर दिया है। कंगुवा' इस साल की सबसे बड़ी और सबसे महंगी फिल्म है। फिल्म की शूटिंग अलग अलग कॉन्टिनेंट्स के सात अलग देशों में की गई है। मेकर्स ने टेक्निकल डिपार्टमेंट जैसे एक्शन और सिनेमेटोग्राफी के लिए हॉलीवुड एक्सपर्ट्स को हायर किया है। फिल्म में कुल 10 हजार लोगों से ज्यादा के साथ शूट किया गया, सबसे बड़ा वॉर सीक्वेंस भी है। इतना ही नहीं, स्टूडियो ग्रीन ने टॉप डिस्ट्रीब्यूशन हाउसेज के साथ हाथ मिलाया है, जिससे फिल्म को बड़े लेवल पर दुनिया भर में रिलीज किया जा सके।



# फिल्म 'चांद मेरा दिल' बनाएंगे करण जौहर

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार करण जौहर, अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी को लेकर रोमांटिक फिल्म 'चांद मेरा दिल' बनाने जा रहे हैं्।

करण जौहर ने अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी को लेकर फिल्म 'चांद मेरा दिल' बनाने की घोषणा की है।करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'चांद मेरा दिल' का चार पोस्टर शेयर किया है।करण जौहर ने कैप्शन में लिखा,हमारे दो चांद हैं आपके लिए एक इंटेंस और बेहतरीन कहानी लाने के लिए तैयार हैं!!! प्यार में थोड़ा पागल होना ही पड़ता है..चांद मेरा दिल में नजर आएंगे अनन्या पांडे और लक्ष्य। 2025 में सिनेमाघरों में्। फिल्म 'चांद मेरा दिल' का निर्देशन विवेक सोनी करेंगे।यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

संबोधन



पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता स्मृति ईरानी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले मुंबई में शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करती हुई।



अभिनेता प्रतीक बब्बर और सयानी गुप्ता मुंबई में आगामी फिल्म 'ख्वाबों का झमेला' के रेड कार्पेट पर शामिल हुए।



# 'फ्रीडम एट मिडनाइट' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

निखिल आडवाणी के निर्देशन में बनी वेब सीरीज 'फ्रीडम एट मिडनाइट' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। वेबसीरीज 'फ्रीडम एट मिडनाइट' भारत की स्वतंत्रता के अंतिम क्षणों में क्या हुआ था, इसकी एक झलक दिखाता है। 'फ्रीडम एट मिडनाइट' में सिद्धांत गुप्ता देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के किरदार में नजर आएंगे। 'फ्रीडम एट मिडनाइट' के ट्रेलर की शुरुआत ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री क्लेमेंट एटली द्वारा भारत की स्वतंत्रता की घोषणा से होती है। इसके बाद जवाहरलाल नेहरू, महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल और पाकिस्तान के पूर्व गर्वनर जनरल मोहम्मद अली जिन्ना जैसी शख्सियतें कैसे भविष्य को लेकर उधेड़बुन में उलझी रहती हैं, इसे दिखाने की कोशिश की गई है।इसके बाद इस ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे जिन्ना की ओर से एक अलग देश पाकिस्तान के निर्माण की मांग उठती है, तो दूसरी तरफ ब्रिटिश अधिकारी भारत को आजाद करने और भारत-पाकिस्तान को बांटने की रणनीति बना रहे हैं्।

स्टूडियो नेक्स्ट के सहयोग से एम्मे एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित 'फ्रीडम एट मिडनाइट' का निर्देशन निखिल आडवाणी ने किया है, जबकि इसकी कहानी को अभिनंदन गुप्ता, अद्वितीय करेंग दास, गुंडीप कौर, दिव्य निधि शर्मा, रेवंत साराभाई और एथन टेलर सहित एक टैलेंटेड टीम ने लिखी है। यह वेबसीरीज सीरीज लैरी कॉलिन्स और डोमिनिक लैपियर की इसी नाम की किताब पर आधारित है।इस वेबसीरीज में सिद्धांत गुप्ता, चिराग वोहरा, राजेंद्र चावला, आरिफ जकारिया, इरा दुबे, मलिष्का मेंडोंसा, राजेश कुमार, केसी शंकर, ल्यूक मैकगिबनी, कॉर्डेलिया बुगेजा, एलिस्टेयर फिनले, एंड्रयू कुलम, रिचर्ड टेवरसन समेत कई कलाकार नजर आयेंगे। 'फ्रीडम एट मिडनाइट' 15 नवंबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर स्ट्रीम होने वाली है।



# अपेक्षा पोरवाल और आनंद बाजपेयी एक बार फिर आए एक साथ

मुंबई/एजेन्सी

अपेक्षा पोरवाल ने सितंबर में परदेस नामक एक म्यूजिक वीडियो में अभिनय किया, जिसमें गायक आनंद बाजपेयी ने अपनी आवाज दी थी। गाना हिट रहा और वीडियो को दर्शकों ने खूब पसंद किया। और अब, यह सफल जोड़ी एक और म्यूजिक वीडियो के लिए फिर से साथ आ रही है।

नए गाने में न केवल आनंद की आवाज होगी बल्कि वह वीडियो में अपेक्षा के साथ अभिनय भी करेंगे। इस जोड़ी का निर्देशन विशेष वर्मा द्वारा किया जा रहा है, जिन्होंने परदेस गाने के वीडियो का भी निर्देशन किया था, जो इस जोड़ी के साथ अपने रियूनियन को भी चिह्नित करता है। वीडियो हाल ही में गोवा में शूट किया गया था और अपेक्षा इसे अपने दर्शकों के सामने पेश करने के लिए काफी उत्साहित हैं्। इसके बारे में बात करते हुए, अपेक्षा बताती हैं, यह एक प्यारा, रोमांटिक और खुशनुमा कर देनेवाला गाना है। यह इस क्षेत्र में मेरे द्वारा पहले किए गए किसी भी काम से बहुत अलग है।

हमने अभी-अभी गोवा में अपनी शूटिंग पूरी की है और खूबसूरत लोकेशन के साथ यह एक शानदार अनुभव था। मैं लोगों द्वारा इसे देखने का बेसब्री से इंतज़ार कर रही हूँ। अभिनेत्री को हाल ही में वेब शो हनीमून फोटोग्राफर में देखा गया था, जिसके लिए उन्हें काफी अच्छी समीक्षा मिल रही है।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

शहर के जीतो लेडीज विंग साउथ द्वारा सेंटर फॉर एक्सिलेंस के अंतर्गत 'गृहलक्ष्मी-घर की जान' कार्यक्रम का आयोजन सुराणा कॉलेज में किया गया, जिसमें 200 सदस्याओं ने भाग लिया।



# जीतो बल्लारी चैप्टर की नई कार्यकारिणी समिति ने ली शपथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बल्लारी। जीतो केकेजी जोन के बल्लारी चैप्टर के नव नियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ जिसमें मुख्य विंग, महिला विंग व युवा विंग पदाधिकारियों ने समाज के भीतर एकता, सशक्तिकरण व विकास के उद्धेश्य को आगे बढ़ाने की शपथ ली। समारोह में उपस्थित जीतो अपेक्स के निदेशक व सचिव श्रीपाल बच्छावत, निदेशक भेरुमल भंडारी, निदेशक व केकेजी जोन अध्यक्ष प्रवीण बाफना ने बल्लारी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। बाफना ने इस अवसर पर कहा कि शपथ ग्रहण में पदाधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं की समितियों के सदस्यों का भी शपथ लेना एक मजबूत शुरुआत का संकेत है। उन्होंने कहा कि कार्य के प्रति समर्पण भाव से दीर्घकालिक एवं सकारात्मक परिणाम मिलते है।

बल्लारी चैप्टर के नव नियुक्त अध्यक्ष निलेश जैन ने सभी उपस्थितों का स्वागत करते हुए कहा कि वो अपने सभी कार्यकारिणी समिति सदस्यों के सहयोग से जीतो के प्राथमिक उद्धेश्यों को पूरा करने में प्रतिबद्ध रहेंगे। केकेजी जोन के मीडिया संयोजक सिद्धार्थ बोहरा ने बताया कि राकेश जैन ने महामंत्री, अर्चना छाजेड ने महिला विंग अध्यक्ष, इंदु विनायकिया ने महामंत्री, जिनेश पोमानी ने युवा विंग अध्यक्ष तथा प्रतिष्ठा जैन ने महामंत्री के रूप में शपथ ली, साथ ही अन्य पदाधिकारियों ने भी शपथ ग्रहण की। बल्लारी चैप्टर के महामंत्री राकेश जैन ने कहा कि आज के इस प्रेरक कार्यक्रम से जीतो बल्लारी को एक नई शुरुआत करने, आपसी संबंधों को मजबूत करने तथा पेशेवर-सामाजिक क्षेत्र में प्रगति करने की प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर अपेक्स महिला विंग उपाध्यक्ष यशमा जैन, केकेजी जोन सचिव विनोद बागरेचा, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश जैन, जोन पदाधिकारी पिंकी जैन, भावेश नेतानी, चंद्रगुप्त कटारिया, इंद्र जैन, भरत पटवारी, कविता जैन, महावीर भूरट एवं राजेश मेहता के साथ बल्लारी चेप्टर के मुख्य, महिला व युवा विंग पदाधिकारी तथा समाज के गणमान्य भी मौजूद थे।



# स्व में रमण करने वाला ही सम्यक दृष्टि वाला होता है : साध्वी धर्मप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक हनुमंतनगर के तत्त्वावधान चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री धर्मप्रभाजी ने कहा कि स्व में रमण करने वाला ही सम्यक दृष्टि है। यह हमारी चेतना दौड़ लगा रही है परमात्मा का आश्रय पाने के लिए पर इसके लिए हमें बहुत कुछ परिवर्तन करना पड़ेगा।

आज दिन तक की हमारी दौड़ एक अंधी दौड़ ही है। यह कभी भी खत्म होने वाली नहीं है। आप भाग कर आगे बढ़ना चाहते हैं किन्तु बढ़ नहीं सकते क्योंकि रास्ता ही गलत पकड़ा है, तरीका ही गलत है।

सीधा मार्ग छोड़ कर उल्टा मार्ग पकड़, ले तो कभी भी मंजिल नहीं मिलेगी। परम पिता कहीं और नहीं बल्कि हमारे भीतर ही है। मगर मनुष्य उन्हें बाहर-बाहर ही खोज रहा है। मगर भीतर की गहराई में उतरने का प्रयास कभी किया ही नहीं। जो आत्मा आत्मा में लीन है वहीं सम्य कुदृष्टि है। एकबार सम्यक दृष्टि का जागरण हो जाए तो जीवन बदल जाएगा।

प्रारंभ में साध्वीश्री स्नेहप्रभाजी म.सा. ने कहा कि मानव का मन सबसे ज्यादा चंचल है। यह मन अपनी अस्थिरता के कारण नाना प्रकार के कर्मो का बन्ध और निर्जरा बड़ी तीव्रता से करता है। जिस आधे क्षण में सातवें नरक का बन्ध पड़ सकता है उसी आधे क्षण में कर्मी का सर्वनाश करके मोक्ष की प्राप्ति भी की जा सकती है।

जिसका मन स्थिर होता है अडोल होता है वही पुरुष ध्यान कर सकता है। अगर मन वश में आ जाए तो मनुष्य को संसार की कोई भी शक्ति मुक्त होने से नहीं रोक सकती है। साधक मनोविजेता बनें। सबसे पहले अपने मन के घरतल को शुद्ध करना आवश्यक है। संघ मंत्री सुरे कुमार धोका ने संचालन करते बताया कि रविवार को दोपहर में साध्वियों का विदाई - अभिनंदन समारोह होगा।



# जीतो साउथ की महिलाओं ने गृहलक्ष्मी से महालक्ष्मी बनने के गुर सीखे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जीतो लेडीज विंग साउथ द्वारा सेंटर फॉर एक्सिलेंस के अंतर्गत 'गृहलक्ष्मी-घर की जान' कार्यक्रम का आयोजन सुराणा कॉलेज में किया गया, जिसमें 200 सदस्याओं ने भाग लिया। लेडीज विंग चेयरपर्सन बबीता रायसोनी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि महिलाओं को घर- परिवार में अपने अस्तित्व को बनाए रखने हेतु इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। महामंत्री निधि पालरेचा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता नमिता दुगड़ ने महिलाओं को संबोधिक करते हुए कहा कि छोटे बड़े सभी सदस्यों की भावनाओं को समझते हुए कार्य करना चाहिए। अपनी इच्छा शक्ति से सभी कार्यों को करने को कहानियों एवं उदाहरणों के माध्यम से समझाया। औरत घर में लक्ष्मी से महालक्ष्मी तभी बन सकती हैं जब वह घर परिवार में हंसते खिलखिलाते हुए वातावरण का निर्माण करे। इसके लिए उसे सर्वप्रथम सभी सदस्यों को प्यार व सम्मान देकर तथा उनके कार्यों की सराहना करते हुए उनकी प्रशंसा करनी चाहिए। नमिता दुगड़ का परिचय कार्यक्रम संयोजिका संगीता पारख ने दिया।

सहवक्ता बबीता रायसोनी का परिचय सहसंयोजिका अस्मिता चौहान ने दिया। पूर्व जीतो लेडीज विंग चेयरपर्सन अनीता पिरगल एवं सुनीता गांधी अपेक्स से जीफ की कन्वेनर निशा सामर तथा जीतो गर्ल्स हॉस्टल कन्वेनर चित्रा मेहता ने सभी सदस्यों का मनोबल मजबूत किया। बबीता रायसोनी ने ग्रुप एक्टिवी एवं शॉर्ट वीडियो के माध्यम से महिलाओं को अपने व्यक्तित्व को सुंदर तरीके से निखारने के गुरु सिखाए।

जीतो साउथ के अध्यक्ष रंजीत सोलंकी और मुख्य सचिव नितिन लुनिया ने शुभकामना दी। लेडीज विंग कन्वेनर प्रवीण सोफाड़िया ने लेडीज विंग के कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर जीतो लेडीज विंग उपाध्यक्ष लता बोहरा व नीलम शांड, कोषाध्यक्ष संगीता पारख सहित अनेक सदस्याएं उपस्थित थीं। संगीता पारख ने धन्यवाद दिया।



# मर्यादा महोत्सव के संदर्भ में तेरापंथ सभा विजयनगर ने मुनिश्री के दर्शन किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ सभा विजयनगर के एक प्रतिनिधि मंडल ने चिकमगलूर में विराजित मुनिश्री मोहजीतकुमारजी के दर्शन कर मर्यादा महोत्सव हेतु निवेदन किया। मोहजीतकुमारजी के संयम पर्याय के स्वर्ण जयंती के अवसर पर विजयनगर सभा की ओर से अभातेयुप उपाध्यक्ष पवन मांडोत ने अपने विचार व्यक्त करते हुए विजयनगर श्रावक समाज की ओर से आगामी मर्यादा महोत्सव विजयनगर क्षेत्र में करने का निवेदन किया।

उन्होंने बताया कि मुनिश्री ने सहज स्वीकृति प्रदान की, इस सौगात को पाकर श्रावक समाज में हर्ष की लहर दौड़ उठी। सभा अध्यक्ष मंगल कोचर ने मर्यादा महोत्सव प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर सभा मंत्री दिनेश हिंगड़, सहमंत्री ज्ञानू नाहटा, विमल दक, संगठन मंत्री मनोहरलाल बोहरा, महिला मंडल अध्यक्षा मंजू गादिया आदि उपस्थित थे।

## नेत्र जांच शिविर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चिक्कबालापुर के महावीर जैन संघ व प्रोजेक्ट दृष्टि बेंगलूरु के संयुक्त तत्वावधान में 241वां नेत्र जांच शिविर में 45 मरीजों ने जांच करवाई। अस्पताल के मंत्री उत्तमचन्द कोठारी ने बताया कि 25 मरीजों का आपरेशन जैन मिशन अस्पताल में डॉ नरपत सोलंकी के नेतृत्व में हुआ।

# आगम वाणी पर ध्यान देना चाहिए : विनयमुनि 'खींचन'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां शिवाजीनगर के गणेश बाग में विराजित श्री शिविराचार्य विनय मुनिजी 'खींचन' ने कहा कि आचारांग सूत्र में प्रभु महावीर ने कहा था कि समय का ज्ञान करो। समय को कालचक्र का अंग समझो, कौन सा काल-अकाल सुकाल-दुष्काल शुभ काल अशुभ काल उद्वेग काल रोग काल अमृत काल-राहूकाल आदि आदि का ज्ञान क्यों कराया जाता है।

गृहस्थों के पास जितना ज्ञान स्वयं के पास नहीं है तो सभी मंगल कार्यक्रम या मृत्यु आदि में भी पंडितों का सहारा भी लिया जाता है। मुहुर्त निकलवाते है। दीक्षा जैसे सर्वोत्तम अध्यात्म के कार्यक्रमों में भी काल-समय देखा जाता है। मन्त्रपाठ प्रत्याख्यान कब देना, समय का पूरा पूरा ध्यान रखा जाता है। फिर क्यों नहीं आगम वाणी पर ध्यान देते है। खणं जाणाहि पंडिए क्षण पल (समय) को समझने वाला ही सच्चा पंडित होता है। जिस प्रकार सौ वर्ष पूर्व पूर्वज कहते थे 'सन्तानों को दिसावर जावो दो, पैसा कमा लावो तो व्याव मकानादि बना दूंगा!' दो पैसे से ही अर्थ-धन की शुरुआत होती है ठीक उसी प्रकार काल का भी प्रारंभ क्षण पल से ही शुरुआत होती है। जो क्षण की कदर (सदुपयोग) नहीं करेगा वो मिनिट की नहीं करेगा जो मिनिट की कदर नहीं करेगा वो घन्टे आगे दिन, मास, वर्ष, युग और अन्त में अपने जीवन के महत्व को समझना कैसे होगा। काल सहायक तब ही है जब कीमती जीवन है। जीवन सुखी है तो हमव्यवहार में अच्छा समय हमारा चल रहा है, बोलते हैं। जीवन अनमोल है। जीवन में सुख भी दुख भी रहता है। काल मात्र बाहरी निमित्त सहायक है। काल का ज्ञान प्रत्येक इन्सान को करना ही चाहिए।

आज से ही नहीं, हजारों वर्षों से इन्सान की शिकायत रही है कि मेरे पास 'समय' नहीं है। लोग व्यवहार में कहते है कि आपने बुलाया, मेरे आने के पक्के विचारथे परन्तु'समय' नहीं होने से नही आसका आदि बोलते हैं। समय का नियोजन नहीं होने से यह सब गड़बड़ी हो रही है। अतः जीवन में यदि सादगी सदाचार मय बनाना है तो उसे समय का नियोजन करना ही पड़ेगा। तभी आप सुखी बन सकेंगे। संघ प्रवक्ता प्रसन्न चंद मांडोत ने सभी का स्वागत किया। शनिवार को विशेष बन्नरघट्टा में गोपाष्टमी पर गायों के लिए लापसी का कार्यक्रम रखा गया था। महामंत्री संपत राज मांडोत ने आभार व्यक्त किया।



# जीवन के कन्नड़ भाषा का होना हमारे लिए गौरवपूर्ण : महेन्द्र मुणोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु के एमईएस इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, राजाजीनगर के कन्नड़ विभाग द्वारा 69वां कन्नड़ राज्योत्सव मनाया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। समापन समारोह में फिल्म अभिनेता विजय राघवेंद्र उपस्थित थे। राधिकारानी रंगनाथ भारद्वाज ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर विजयनगर मारुति मेडिकल के महेंद्र मुणोत ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए । इस मौके पर मुणोत ने कहा कि कन्नड़ एक स्वस्थ और सुखद घर की तरह है। यह हमारे जीवनकाल के लिए एक आवश्यक भाषा है। अंग्रेजी घर के बाहर उपलब्ध नाश्ते की तरह है। इसका उपयोग जरूरत के अनुसार किया जाना चाहिए, लेकिन यदि ऐसा है आदत के तौर पर इस्तेमाल करने से स्वास्थ्य भी खराब हो जाएगा। इसी तरह, अगर हम अपने घर की भाषा से प्यार करते हैं, तो देश की भाषा हमारी विरासत है, हमारा घर हमारी भाषा है।



# तेयुप राजाजीनगर की श्रीरामपुरम स्थित एटीडीसी ने मनाई अपनी पांचवी वर्षगांठ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर द्वारा संचालित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर-श्रीरामपुरम की पंचम वर्षगांठ समारोह अभातेयुप अध्यक्ष रमेश डागा की अध्यक्षता जैन संस्कार विधि से मनाई गई। इस मौके पर एटीडीसी प्रायोजक परिवार का सम्मान किया गया। तेयुप राजाजीनगर अध्यक्ष कमलेश चौरड़िया ने सभी का स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश डागा ने एटीडीसी का विस्तारीकरण, नया कलेक्शन सेंटर के शुभारंभ की ओर अग्रसर हेतु शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अभातेयुप के पूर्व अध्यक्ष विमलजी कटारिया एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन मांडोत ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा राजाजीनगर टीम के कार्य की सराहना की। इस मौके पर जैनम लक्ष्मीनारायणपुरम ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश सियाल, सभा अध्यक्ष अशोक चौधरी, पूर्व अध्यक्ष सुखलाल पितलिया, महिला मण्डल अध्यक्षा उषा चौधरी, एटीडीसी राष्ट्रीय सहप्रभारी आलोक छाजेड़, ललित मेहर, शाखा प्रभारी दिनेश मरोठी आदि ने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर अभातेयुप परिवार, जैनम लक्ष्मीनारायणपुरम ट्रस्ट परिवार, विभिन्न तेयुप के पदाधिकारी उपस्थित थे। संचालन तेयुप मंत्री जयंतीलाल गांधी ने किया एवं आभार सहमंत्री चेतन मांडोत ने व्यक्त किया।



# एकाग्रता का आधार जरूरी है, और प्रेक्षाध्यान है उसका आधार : साध्वीश्री उदितयशा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के तेरापंथ महिला मंडल गांधीनगर द्वारा प्रेक्षाध्यान कल्याण वर्ष के उपलक्ष्य में साध्वीश्री उदितयशाजी के सान्निध्य में कार्यशाला का आयोजन किया गया। साध्वीश्री शिक्षाप्रभाजी द्वारा आत्म साक्षात्कार प्रेक्षा ध्यान द्वारा प्रेक्षा गीत का संगान किया गया। साध्वीश्री भाव्ययशाजी ने कहा कि प्रेक्षा ध्यान अपने आप में कल्याणकारी है। प्रेक्षा ध्यान यानी गहराई से देखना। आचार्य महाप्रज्ञजी की देन है प्रेक्षा ध्यान। प्रेक्षा ध्यान यानी अपने विचारों को देखना। विचारों को देखने के साथ-साथ, शरीर प्रेक्षा यानी श्वास प्रेक्षा करना, बंद आंखों से शरीर के एक-एक अव्यय को देखना अनुभूति करना। साध्वीश्री संगीतप्रभाजी ने कहा कि ध्यान के चार चरण है कायोत्सर्ग, अंतर यात्रा, दीर्घ श्वास प्रेक्षा, ज्योति केंद्र श्वास प्रेक्षा। कायोत्सर्ग का अर्थ है शरीर का शिथिलीकरण। कायोत्सर्ग सब दुखों से मुक्ति दिलाता है। कायोत्सर्ग एक प्रायश्चित का प्रकार है। शिथिलता का सुझाव देना शरीर को तनाव मुक्त करता है और कर्मों से भी मुक्त हो सकते हैं।

साध्वी श्री उदितयशाजी ने कहा कि ध्यान सीखना भी एक कला है। ध्यान एक बहुत विशिष्ट वस्तु है। मन को साधना एक विशिष्टतम काम है। मन चंचल है, लेकिन हम उसे वश में कर सकते हैं ।ध्यान यानी आत्मा को आत्मा के द्वारा देखें। यह मुश्किल है क्योंकि हम पदार्थ, पुद्गल को देखते है। ध्यान को साधने के लिए स्थिरता आवश्यक है। जैन साधना पद्धति को, नवीन नाम दिया गया प्रेक्षाध्यान। ध्यान को स्थिर करने के लिए, आधार को तैयार करना चाहिए। एकाग्रता का आधार होना बहुत जरूरी है। ध्यान सिद्धि के लिए जरूरत है उत्साह, निश्चय ,धैर्य ,संतोष का अनुभव, त्याग आसक्ति का, स्वाद का और कोलाहल को छोड़ना होगा तभी हम ध्यान को साध सकते हैं। कार्यक्रम में अध्यक्ष रिजु डूंगरवाल, उपाध्यक्ष लता गादिया, मंत्री ज्योति संचेती, सह मंत्री प्रमिला धोका, प्रचार प्रसार मंत्री संतान आंचलिया, संगठन मंत्री पवन संचेती, पूर्व अध्यक्ष निर्मल सोलंकी, परामार्शिका उर्मिला सुराणा आदि 65 सदस्याएं उपस्थित थीं। संयोजिका व पूर्व अध्यक्ष पुष्पा गन्ना ने धन्यवाद दिया।



# गुरु गणेश जन्मोत्सव समारोह हेतु साध्वी चैतन्यश्री को आमंत्रण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक गजकेसरी गणेशलालजी म.सा. ने दक्षिण भारत में जीवदया एवं गौरक्षा की प्रबल प्रेरणा का संचार किया। उनके आह्वान से जिनशासन प्रभावना के अनेक कार्य हुए।

उपरोक्त विचार साध्वी चैतन्याश्रीजी म.सा. ने प्रवचन सभा में व्यक्त किये। श्री गुरु गणेश सेवा समिति कर्नाटक बेंगलूरु द्वारा 17 नवंबर को महावीर धर्मशाला में आयोजित किये जा रहे कर्नाटक गज केसरी गणेशलालजी म.सा. के 145 वें जन्मोत्सव समारोह में बेंगलूरु में विराजित सभी साधु साध्वीवृंद का जन्मोत्सव समारोह में सानिध्य प्राप्त करने के लिए समिति के पदाधिकारी चेयरमैन गौतमचंद धारीवाल, अध्यक्ष किरणचंद बोहरा, मंत्री उगमराज चोपड़ा, कोषाध्यक्ष मनोहरलाल बाफना, मार्गदर्शक प्रकाशचंद ओस्तवाल, सहमंत्री महेंद्रकुमार मेहता, प्रकाशचंद बाफना, अनिल पोखरना ने महावीर धर्मशाला में विराजमान साध्वी चैतन्याश्री की सेवा में पहुंचकर सान्निध्य प्रदान करने की विनती की। इस मौके पर विशेष सहयोगी बेंगलूरु सेन्ट्रल संघ के साथ युवा एवं महिला मंडल सहित उपस्थिति हेतु निवेदन किया।

कार्यक्रम में आचार्य जयमलजी म.सा. के 293 वें दीक्षा दिवस एवं दक्षिण केसरी मिश्रीमलमुनिजी की 31 वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष में गुणगान भी किए जाएंगे। सेन्ट्रल संघ के मंत्री महेंद्रकुमार मुणोत आदि पदाधिकारियों ने आमंत्रण हेतु प्रसन्नता प्रकट करते हुए समिति का आभार व्यक्त किया।

# आदित्यनाथ ने की बच्चों को रचनात्मक और ज्ञानवर्धक पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित करने की अपील

लखनऊ/भाषा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बच्चों से पाठ्यक्रम के साथ-साथ रचनात्मक और ज्ञानवर्धक पुस्तकें पढ़ने की अपील की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को 'गोमती रिवर फ्रंट पार्क' में गोमती पुस्तक महोत्सव के उद्घाटन के दौरान यह बात कही। यह महोत्सव 'नेशनल बुक ट्रस्ट' और लखनऊ विकास प्राधिकरण के संयुक्त प्रयास से नौ से 17 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों से मेले में एक-एक पुस्तक खरीदने का अनुरोध किया, ताकि उनमें पुस्तक पढ़ने की आदत विकसित हो सके।

एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने डिजिटल युग के बढ़ते प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, आज के युवा अपने 24 घंटों में से लगभग छह घंटे स्मार्टफोन या अन्य डिजिटल डिवाइस पर व्यतीत कर रहे हैं। अगर इस समय का उपयोग किसी सार्थक कार्य में किया जाए तो यह समाज और युवा दोनों के लिए लाभकारी हो सकता है। उन्होंने कहा कि हमें तकनीक का उपयोग करना चाहिए, न कि उसके गुलाम बनना चाहिए।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com